

श्रद्धांजलि

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 304 ● जबलपुर ● शुक्रवार, 10 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## सीएसडी रावत की आज अंतिम यात्रा

# अलविदा देश के वीरो

नई दिल्ली। हेलीकॉप्टर हादसे में जान गंवाने वाले सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले इनके पार्थिव शरीरों को शुक्रवार सुबह 11 बजे से आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके 3 कामराज मार्ग स्थित आवास पर रखा गया है जहां लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। दोपहर 12=30 बजे से 1=30 बजे के बीच का समय सैन्य कर्मियों के लिए बिपिन रावत और उनकी पत्नी को श्रद्धांजलि देने के लिए रखा गया था। जनरल रावत की अंतिम यात्रा उनके आवास से बरार स्क्वायर श्मशान घाट तक अपराह्न करीब 2 बजे शुरू हुई। अंतिम संस्कार शाम 4 बजे निर्धारित है। वहीं, ब्रिगेडियर एलएस लिडर का अंतिम संस्कार आज दिल्ली कैंट में शाम 7=15 बजे किया जाएगा।

### जनरल बिपिन रावत को अमित शाह ने दी श्रद्धांजलि

इससे पहले सुबह 11 बजे से उनके निवास पर जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी की पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। सीडीएस रावत के अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए अब से कुछ देर पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी उनके घर पहुंचे। भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे, भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, एयर चीफ मार्शल एवीआर चौधरी और रक्षा सचिव अजय कुमार सहित देश के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भी एक शोक समारोह में मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि दी।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ष्ठष्ठस् जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत को श्रद्धांजलि दी।

### राहुल गांधी ने किए अंतिम दर्शन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी सीडीएस बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका रावत के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। एनएसए डोभाल, उत्तराखंड सीएम समेत कई ने दी श्रद्धांजलि सीडीएस बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुविका के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने एनएसए अजीत डोभाल, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, कांग्रेस नेता हरीश सिंह रावत, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर अनिल बाजपेई समेत कई

## आंखों में आंसू, हाथों में तिरंगा, दिल में गर्व और गम...

### ब्रिगेडियर लिड्डर को पत्नी और बेटी ने भी भावपूर्ण अंतिम विदाई

नई दिल्ली। आंखों में आंसू, हाथों में तिरंगा, दिल में गर्व और गम...। तमिलनाडु में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के साथ हेलिकॉप्टर क्रैश में दुनिया को अलविदा कहने वाले ब्रिगेडियर एल. एस. लिड्डर को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी पत्नी और बेटी का यही हाल था। अंतिम संस्कार के समय लिड्डर की पत्नी बार-बार उनके ताबूत को चूमकर रोती रहीं। इसके बाद लिड्डर की बेटी ने अपने बहादुर पिता को मुखाग्नि दी।दिल्ली कैंटर के बरार स्क्वैयर में ब्रिगेडियर लिड्डर की पत्नी और बेटी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह समेत कई हस्तियां इस मौके पर पहुंची थीं, लेकिन हर किसी की नजरें उनकी पत्नी और बेटी पर थीं, जिनके आंसू गिरते रहे और वे श्रद्धांजलि देती रहीं। पत्नी ने ताबूत को चूमा, फूल अर्पित किए और देर तक उससे लिपटी रहीं।फिर जब अंतिम संस्कार के लिए ले जाने से पहले लिड्डर के शव पर रखे तिरंगे को जब उन्हें सौंपा गया था तो सिर झुकाकर उसे माथे लगाया और देर तक रोती रहीं। पति को खोने का गम और देश सेवा के गर्व का मिलाजुला भाव उनके चेहरे पर देखने को मिल रहा था13 साल की बेटी अहाना और पत्नी को छोड़कर गए लिड्डर का हाल ही में मेजर जनरल के पद पर प्रमोशन होने वाला था,

## 378 दिन बाद किसान आंदोलन खत्म

# दिल्ली बॉर्डर से टेंट उखड़ने लगे

चंडीगढ़। दिल्ली बॉर्डर पर 378 दिन से चल रहा किसान आंदोलन खत्म हो गया है। किसान नेता बलबीर राजेवाल ने कहा कि अहंकारी सरकार को झुकाकर जा रहे हैं। हालांकि यह मोर्चे का अंत नहीं है। हमने इसे स्थगित किया है। 15 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की फिर मीटिंग होगी, जिसमें आंदोलन की समीक्षा करेंगे। सिंघु बॉर्डर पर किसानों ने टेंट उखाड़ने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। वहीं, आंदोलन की अगुआई करने वाले पंजाब के 32 किसान संगठनों ने अपना कार्यक्रम भी बना लिया है, जिसमें 11 दिसंबर को दिल्ली से पंजाब के लिए फतेह मार्च होगा। सिंघु और टिकरी बॉर्डर से किसान एक साथ पंजाब के लिए वापस रवाना होंगे। 13 दिसंबर को पंजाब के 32 संगठनों के नेता अमृतसर स्थित श्री दरबार साहिब में मत्था टेकेंगे। उसके बाद 15 दिसंबर को पंजाब में करीब 113 जगहों पर लगे मोर्चे खत्म कर दिए जाएंगे। हरियाणा के 28 किसान संगठन भी अलग से रणनीति बना चुके हैं। इन मुद्दों पर बनी सहमति



### 11 दिसंबर को फतेह मार्च
### 15 को पंजाब के सब मोर्चे खत्म

स्स्क = केंद्र सरकार कमेटी बनाएगी, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि लिए जाएंगे। अभी जिन फसलों पर स्स्क मिल रही है, वह जारी रहेगी। स्स्क पर जितनी खरीद होती है, उसे भी कम नहीं किया जाएगा।

केस वापसी -हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार केस वापसी पर सहमत हो गई हैं। दिल्ली और अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के साथ रेलवे द्वारा दर्ज केस भी तत्काल वापस होंगे।

## जनरल बिपिन रावत के हेलिकॉप्टर क्रैश पर चीन का तंज

**कहा. भारतीय सेना में अनुशासन की कमी**

**नई दिल्ली।** चीफऑफडिफेंस स्टाफजनरल बिपिन रावत की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत को लेकर चीन ने इसे भारतीय सेना के अनुशासन की कमी बताया है। चीनी सरकार के मुखपत्र अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि इस घटना ने भारत के युद्ध की तैयारियों की कमी को उजागर कर दिया है। इसके साथ ही देश के सैन्य आधुनिकीकरण को भी भारी झटका दिया है जो लंबे वक्त तक बना रह सकता है। ग्लोबल टाइम्स ने एनालिस्ट्स के हवाले से कहा है कि चीन के विरोध में रहने वाले भारत के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी के चले जाने के बाद भी बॉर्डर पर दोनों देशों के आक्रामक रुख में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। चीन ने कहा है कि रावत की मौत शायद भारतीय सेना की आधुनिकीकरण योजना को अस्त.व्यस्त कर सकती है। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि भारत को एक ढीली और अनुशासनहीन मिलिट्री कल्चर के लिए जाना जाता है और भारतीय सैनिक अधिकतर स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर और नियमों का पालन नहीं करते हैं।

## रवि शास्त्री ने निकाली भड़ास



### बोले- बीसीसीआई में ऐसे लोग मौजूद थे, जो नहीं चाहते थे कि मैं हेड कोच बनूं

नई दिल्ली। 2016 में रवि शास्त्री की जगह अनिल कुंबले को टीम इंडिया का हेड कोच बनाया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कुंबले को कोच बनाया था, शास्त्री ने लंबे समय बात इसको लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। शास्त्री ने कहा कि जिस तरह से उनको हटाया गया था, वह तरीका सही नहीं था और उससे उन्हें तकलीफ पहुंची थी। इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद शास्त्री लंबे समय तक क्रिकेट से जुड़े रहे हैं। 2007 में नैशनल क्रिकेट एकैडमी (एनसीए) के हेड बनने के बाद शास्त्री ने टीम इंडिया के डायरेक्टर बने और फिर बाद में हेड कोच। शास्त्री ने एक इंटरव्यू में 2017 का जिक्र किया है। शास्त्री ने इंटरव्यू में बताया कि बीसीसीआई में कुछ लोग मौजूद थे, जो चाहते थे कि वह टीम इंडिया के कोच ना बनें। उन्होंने कहा, च्मुझे इस फैसले से दुख हुआ था, क्योंकि जिस तरह से मुझे हटाया गया था, वह तरीका सही नहीं था। मैंने जो कुछ भी किया, उसके बाद मुझे जिस तरह से हटाया गया, वह मुझसे कह सकते थे



## एमएम नरवणे या आर हरिकुमार हो सकते हैं देश के अगले CDS

**ज्यादा दिनों तक खाली नहीं रहेगा पद**

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कन्नूर में हेलिकॉप्टर क्रैश में ष्ठष्ठस् बिपिन रावत के असामयिक निधन के बाद अब सभी यह जानना चाहते हैं कि आखिर अब उनकी जगह कौन संभालेंगा? देश में नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ष्ठष्ठस्) की नियुक्ति को लेकर अटकलें तेज हो चुकी है और इस रेस में फिलहाल नौसेना प्रमुख आर. हरिकुमार, और सेना प्रमुख एमएम नरवणे का नाम सबसे आगे हैं। जानकारों के मुताबिक नौसेना प्रमुख आर. हरिकुमार का पक्ष ज्यादा मजबूत माना जा रहा है कि क्योंकि पिछली बार थलसेना से जनरल बिपिन रावत को ष्ठष्ठस् बनाया गया था, इसलिए संभव है कि इस बार थल सेना के स्थान पर नौसेना प्रमुख आर. हरिकुमार को देश का अगला सीडीएस बनाया जाए। साथ ही आर. हरिकुमार दिवंगत जनरल बिपिन रावत के साथ डिप्टी ष्ठष्ठस् के रूप में भी काम कर चुके हैं और उन्हें ष्ठद्धद्बद्गद्घ श्द्ध ,द्ध4 ष्ठद्गद्घद्गठ्ठह्यद्ग के पद के अनुरूप काम का अनुभव भी है। हरिकुमार हाल ही में नौसेना प्रमुख बने हैं और 62 साल तक सेवा दे सकते हैं, जबकि ष्ठष्ठस् की पोस्टिंग 63 साल के लिए की जा सकती है।वहीं दूसरी ओर थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नवरणे भी देश के अगले सीडीएस बन सकते हैं क्योंकि नरवणे अगले साल अप्रैल में रिटायर होंगे। नरवणे यदि ष्ठष्ठस् बनते हैं तो उन्हें करीब एक साल तक इस पर काम करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा वायुसेना प्रमुख ङ्क्रचौधरी भी ष्ठष्ठस् पद के लिए प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार नए सीडीएस पर जल्द ही नियुक्ति का फैसला कर सकती है, क्योंकि यह पद ज्यादा दिनों तक खाली नहीं रखा जा सकता है।

## राजस्थान से आई राहत की खबर

### ओमिक्रॉन से संक्रमित सभी 9 मरीज निगेटिव, अस्पताल से छुट्टी

जयपुर।कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित सभी नौ मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आई है। उन्हें जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।रिपोर्ट आने बाद वहां से छुट्टी दे दी गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सभी नौ मरीज पूरी तरह से स्वस्थ और बिना लक्षण वाले हैं। उनका रक्त, सीटी स्कैन और अन्य परीक्षण सामान्य हैं। डॉक्टरों ने उन्हें सात दिनों तक होम क्वारंटाइन में रहने की सलाह दी है।उन्होंने कहा, जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट आने के बाद संक्रमित व्यक्तियों को आरयूएचएस में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।




## बढ़ती महंगाई के बीच एक और बुरी खबर

# अगले साल से अस्पतालों में इलाज करवाना हो सकता है महंगा

नई दिल्ली। देश में बढ़ती महंगाई के बीच एक और बुरी खबर है। पेट्रोल-डीजल, एलपीजी सिलेंडर से लेकर खाने-पीने की चीजों के बढ़ते दाम के बीच अब इलाज कराना भी महंगा हो सकता है। प्राइवेट अस्पताल इलाज के खर्चों में वृद्धि करने के मूड में हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अगले साल से चिकित्सा उपचार यानी मेडिकल ट्रीटमेंट और अधिक महंगा हो सकता है क्योंकि अपोलो और फोर्टिस सहित प्रमुख प्राइवेट हॉस्पिटल्स बढ़ती लागत के बीच ट्रीटमेंट पैकेज दरों को 5-10त्न तक बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। यहां ध्यान देने वाली



बात है कि ये अस्पताल नकद भुगतान करने वाले मरीजों के लिए कीमत बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। कुछ निजी अस्पतालों के अधिकारियों ने इंग्लिश वेबसाइट ईटी को बताया कि पैकेज दरों का संशोधन 2021-22 के अंत तक होने की संभावना है। फोर्टिस हेल्थकेयर के प्रवक्ता ने कहा कि हम महत्वपूर्ण ओवरहेड्स (किसी कंपनी के बंधे खर्चे (लाइट, रेंट आदि पर होने वाले नियमित व्?यय) के साथ एक बड़ी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चेन हैं। हम 2019 के बाद कोरोना की वजह से बढ़ते मैनपावर लागत और अन्य परिचालन लागतों से प्रभावित होने के बावजूद समान दरों पर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। हम स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और उचित समय पर पैकेज टैरिफ सुधार के बारे में निर्णय लेंगे।

## कानपुर पुलिस का बर्बर चेहरा

# गोद में बच्चा लिए पिता को लाठी से पीटा
## बिलखते मासूम को देखकर भी तरस नहीं आया

**कानपुर** ।उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में पुलिस की बर्बरता का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें बच्चे को गोद में लिए एक शख्स पर अकबरपुर कोतवाल वीके मिश्रा जमकर लाठी बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। ये कानपुर देहात के अकबर पुर इलाके के जिला अस्पताल के सामने की घटना है। इंस्पेक्टर ने न सिर्फ लाठियों से हमला किया, बल्कि उसके बच्चे को भी छीनने की कोशिश की। पुलिस का दावा है कि इस शख्स ने एक इंस्पेक्टर के हाथ पर काट लिया था। वीडियो वायरल होने के बाद अकबरपुर इंस्पेक्टर को एडीजी जोन भानु भास्कर ने सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले देर रात इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया था। वीडियो में युवक बच्चे को लग जाएगी, मत मारिए, कहते हुए सुनाई दे रहा है। वहीं इंस्पेक्टर सहित कई पुलिसकर्मी उसका पीछा करते हैं और कुछ अधिकारी बच्चे को जबरदस्ती उससे दूर खींचने की कोशिश करते हैं। इस दौरान युवक कह रहा है कि यह उसका बच्चा है और इसकी मां भी नहीं है। बच्चा रोने लगता है लेकिन पुलिस को उसपर कोई तरस नहीं आता है। पुलिस ने बताया कि युवक कानपुर देहात के अकबरपुर में जिला अस्पताल का कर्मचारी है और उसका भाई उपद्रव करने वाले लोगों में शामिल है।



## कॉल रिसीव करते ही दिखी कपड़े हटाती लड़की

### अगले मैसेज में मिला ब्लैकमेलिंग का विडियो

**लखनऊ।** फर्जी अश्लील विडियो बनाकर लोगों से रुपये वसूलने वाले गिरोह ने एक और व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में एफआईआर करा दी है।राजाजीपुरम सी-ब्लॉक में रहने वाले 40 वर्षीय व्यक्ति ने एफआईआर लिखायी कि रविवार को उनके मोबाइल पर एक विडियो कॉल आयी। यह कॉल रिसीव करने पर एक युवती दिखी। वह अचानक अपने शरीर से कपड़े हटाने लगी। फिर कॉल कट गई। कुछ देर बाद ही उन पर एक अश्लील विडियो आया जिसमें वह दिख रहे थे। इससे वह सकते में आ गये। कुछ देर बाद उसी नम्बर से फिर फोन आया और एक युवती ने अपना नाम पिंकी शर्मा बताया।



## एक दूजे के हुए विक-कैट — शेयर की फोटो

# लिखा- आप सबका प्यार और आशीर्वाद चाहिए

**सवाई माधोपुर।** विक्की-कटरीना ने गुरुवार की शाम सात फेरे ले लिए। सवाई माधोपुर के बरवाड़ा फोर्ट में यह हाईप्रोफाइल शादी सम्पन्न हो गई। कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने शादी के बाद अपने फोटोज भी शेयर किए। इसके साथ कटरीना ने लिखा, हमारे दिलों में बसा एक दूसरे के लिए प्यार और सम्मान आज यहां तक ले आया। हमारी नई जिंदगी के लिए आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। इससे पहले दो दिन तक उनका प्री-वेडिंग फंक्शन चला। बरवाड़ा फोर्ट में मंडप सजाया गया था। गुरुवार सुबह दिल्ली से फूल मंगाए गए थे। शादी के बाद विक्की-कटरीना ने फोर्ट के बाहर मौजूद अपने फैंस के लिए मिठाइयां और केक भेजा। बाहर मौजूद ग्रामीणों ने शादी की बधाई दी। विक्की-कटरीना की कुछ फोटो भी



सामने आई हैं। इसमें कटरीना लाल जोड़े में नजर आ रही हैं। विक्की-कटरीना की एक झलक देखने के लिए सुबह से ग्रामीण इंतजार कर रहे थे। शाम को फेरे के बाद कपल की ओर से गांव वालों को मिठाई भेजी गई।विक्की-कटरीना की एक झलक देखने के लिए सुबह से ग्रामीण इंतजार कर रहे थे। शाम को फेरे के बाद कपल की ओर से गांव वालों को मिठाई भेजी गई।कपल की शादी में आने वाले स्पेशल गेस्ट के लिए गुरुवार को सुबह 10=30 बजे तक कोर्टिल रेस्टोरेंट में ब्रेकफास्ट रखा गया था। इस बीच, एक छोटी पार्टी हुई। दोपहर 1 बजे सेहराबंदी और 3 बजे मंडप का कार्यक्रम हुआ। मंडप के कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे गोधूलि बेला में कपल ने सात फेरे लिए। 8 बजे से डिनर कार्यक्रम शुरू होगा, जो यह रात 1 बजे तक चलेगा। इसी के साथ वेडिंग सेरेमनी होगी।

## प्रियंका के दौरे के दिन गोवा में कांग्रेस को झटका

# कई नेताओं ने दिए इस्तीफे

**कहा- चुनाव को लेकर गंभीर नहीं पार्टी**

**पणजी।** बीते कुछ वक्त से तटीय राज्य गोवा में मुश्किलों का सामना कर रही कांग्रेस को शुक्रवार को एक बार फिर से झटका लगा है। पोरवोरिम विधानसभा सीट के कई नेताओं ने इस्तीफे दे दिए हैं। अहम बात यह है कि ये इस्तीफे शुक्रवार सुबह उस वक्त दिए गए हैं, जब प्रियंका गांधी राज्य के दौरे पर आ रही हैं। इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सीरियस नहीं दिख रही है। कुछ नेताओं के एटिट्यूड से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर नहीं है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुपेश नायत ने कहा, कांग्रेस पार्टी राज्य में चुनाव को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। अब तक उसने अपनी कोई तैयारी भी शुरू नहीं की है। कहा जा रहा है कि इस्तीफा देने वाले नेताओं का गुट निर्दलीय विधायक रोहन खौंटे को समर्थन कर रहा है। दक्षिण गोवा के सीनियर नेता मोरेनो रेबेलो ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा देते हुए रेबेलो ने लिखा है कि वह मौजूदा विधायक एलेक्सियो रेगिनाल्डो को एक बार फिर से टिकट दिए जाने से निराश हैं।

## चीन ने टेनिस स्टार पेंग शुआई का इंटरनेट रोका

**बीजिंग।** चीनी सरकार न्यूज सेंसर करने के लिए जानी जाती है। चीन ने ऑनलाइन जाने के 20 मिनट बाद टेनिस स्टार पेंग शुआई का इंटरनेट रोक दिया। पेंग शुआई ने आनलाइन जाकर पूर्व उप-प्रधानमंत्री झांग गाओली पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। पिछले महीने पेंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर कहा था कि पूर्व उप प्रधानमंत्री झेंग गाओली ने लगातार इनकार करने के बावजूद उनके साथ यौन संबंध बनाया। हालांकि, सरकार ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया, साथ ही चीनी मीडिया में भी इस खबर को दबा दिया गया। जब भी चीनी इंटरनेट पर ऐसी खबरें आती हैं, तो सेंसर हरकत में आ जाते हैं और खबरों को दबा देते हैं।



## युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष पद का मामला

# उम्र के पेंच, दिग्गजों की साख और भाई भतीजे में फंसी मोर्चे की नियुक्ति




**जबलपुर, यश भारत। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर इंतजार लंबा खींचता जा रहा है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक नगर अध्यक्ष की नियुक्ति अटकी हुई है। वैसे तो अध्यक्ष पद के लिए एक दर्जन से ज्यादा दावेदार बताए जा रहे हैं लेकिन प्रमुख तीन - चार नाम फाइनल लिस्ट में है। परंतु उन नामों के इत्तर बड़े नेता अपने करीबियों की नियुक्ति को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर बैठे हुए हैं। वही दो बड़े नेता जिनमें एक जनप्रतिनिधि भी शामिल है वे पुत्र व परिवार मोह में पड़े हुए हैं। इसके अलावा उम्र के पेंच ने संशय की स्थिति निर्मित कर रखी है**

### 30 प्लस अंदर या बाहर

पूरी नियुक्ति में सबसे बड़ा पेंच उम्र का है, जानकारी के मुताबिक भाजपा संगठन द्वारा युवा मोर्चा के लिए 30 वर्ष की उम्र अधिकतम निर्धारित की है। जिन कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन के 30 बसंत देख लिए हैं उन्हें मोर्चा में जिम्मेदारियां नहीं दिए जाने का नियम बनाया गया है। ऐसे में पद के ज्यादातर दावेदार दावेदारी से बाहर हो जाते हैं। लेकिन अपवाद स्वरूप जिले के ही ग्रामीण जिला अध्यक्ष व प्रदेश के अन्य पदाधिकारी 30 से ज्यादा बसंत देख चुके हैं। तो सबसे बड़ी संशय की स्थिति यह है कि महानगर अध्यक्ष पद के लिए 30 प्लस के अपवाद में छूट मिलेगी या नहीं मिलेगी जिस कारण स्थितियां साफ नहीं हो पा रही है।

### दिल्ली और भोपाल वालों की ठसक

नियुक्ति के मामले को लेकर कुछ बड़े नेता जिनकी दिल्ली व भोपाल के गलियारों में अच्छी पैठ है। वे अपने करीबियों को अध्यक्ष पद की कुर्सी दिलवाने के लिए प्रयासरत हैं। एक बड़े नाम के विषय में तो यहां तक कहा जा रहा है कि उसने अपने करीबी को पद दिलवाने के लिए संगठन के सामने खुलकर पैरों कारी की है और बड़े नेता ने छोटी नियुक्ति को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर रखा है। वहीं जिले के ही संगठन से जुड़े कुछ नाम व पूर्व जनप्रतिनिधि अपने करीबी को पद दिलवाने के लिए भीतर खाने प्रयास कर रहे हैं।

### यहां भी नियमों का पेंच

उम्र के साथ-साथ युवा मोर्चा की नियुक्ति में भाई भतीजे को प्रमुख पदों से दूर रखने सहित अन्य कई पेच फंसे हुए हैं। जिसके चलते अनेक दावेदार बाहर का रास्ता देख चुके हैं, लेकिन एक विधायक, एक पूर्व विधायक, एक बड़े नेता जो पूर्व में कई अहम पदों पर रह चुके हैं वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों को अहम जिम्मेदारी दिलवाने के लिए जोर आजमा रहे हैं। विगत दिनों एक जनप्रतिनिधि के परिवार के सदस्य को युवा मोर्चा में ही दूसरी जिम्मेदारी देकर रेस से बाहर किया गया है। परंतु उसके अलावा और भी ऐसे नाम है जिन पर नियमों की कैची तो चल रही है लेकिन परिवार के लोग अपने स्तर पर जोर आजमाइश कर ही रहे हैं।

### इन नामों पर चर्चा

नियुक्ति को लेकर प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के रौनक अग्रवाल श्रीकांत वर्मा कुक्की अर्नव तिवारी मोहित चौबे राज भटनागर राहुल कपूर लिविश पटेल चंद्रशेखर पटेल के नामों पर चर्चा है। इसके अलावा उम्र के क्राइटेरिया में अगर छूट मिलती है तो कुछ और दूसरे नाम भी शामिल हो सकते हैं। जो पूर्व की कार्यकारिणी में काम कर चुके हैं लेकिन ओवर ऐज होने के चलते खुद को रेस से बाहर मानकर चल रहे हैं।






जानकीरमण महाविद्यालय में अंतर जिला कबड्डी प्रतियोगिता के समारोह के दौरान पूर्व मंत्री शरद जैन, यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, डॉ. अभिजात त्रिपाठी, दूसरे चित्र विजेता टीम ट्राफी के साथ

## जिला स्तरीय अन्तर्महाविद्यालयीन कबड्डी

# सेंट अलायसियस को हरा यूटीडी विजेता

**जबलपुर। श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, जबलपुर के तत्वावधान में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग अन्तर्महाविद्यालयीन जिला स्तरीय कबड्डी(पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता में यूटीडी ने जीत ली।**

समापन दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद चंद पालन,अध्यक्ष शासी निकाय ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला थे। अभिमन्यु जैन, यू.एस.दुबे, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ.शक्ति सिंह मण्डलोई, आयोजन सचिव की गरिमामय उपस्थिति रही। क्वाटर फाईनल मैच में आदर्श विज्ञान महाविद्यालय ने श्रीजानकीरमण महाविद्यालय को हराकर एवं यू.टी.डी. ने शास.महाविद्यालय मझौली को हराकर सेमीफ ाईनल में प्रवेश किया था। प्रथम सेमीफाईनल यू.टी.डी. एवं शास.ओ.एफके. महाविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें यू.टी.डी ने शास.महाविद्यालय ओ.एफके. और द्वितीय सेमी फाईनल में सेंट अलॉयसिस महाविद्यालय ने आदर्श विज्ञान महाविद्यालय को हराकर कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मैच में यू.टी.डी.ने सेंट अलॉयसिस महाविद्यालय को 35-26 अंकों से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा एवं आभार प्रदर्शन डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रमुख रुप से डॉ.कौशल दुबे,अवधेश दुबे, सुदर्शन सिंह, उपस्थित रहे। निर्णायकों का दायित्व मप्र कबड्डी संघ के उपाध्यद्वा शानू यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय निर्णायक पुष्पेन्द्र पाण्डेय, पुष्पा रघुवंशी, परमू यादव, मंजीत सामल,सुनील ताम्रकार,जयालक्ष्मी स्वामी ने निभाया। महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ.गंगाधर त्रिपाठी, डॉ. अंजली शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, तरुण मिश्रा, देवेन्द्र कुषवाहा संजय पाण्डे, मनोज चौरसिया,चंद्र कुमार चौबे, दिव्या विष्वकर्मा, मीनाक्षी लोधी,राधा झारिया,आनंद रैकवार, हेमन्त सोंधिया,अजय मिश्रा की भूमिका उल्लेखनीय रही।

# काले कोट की आड़ में छिपे बदमाश होंगे चिन्हित

**अपराधिक तत्वों से जुड़े अधिवक्ताओं पर बार एसोसिएशन रखेगा तिरछी नजर**

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने अध्यक्ष पद का पदभार संभालते ही अब एक्शन के मूड में दिखाई दे रहे हैं। पक्षकारों और जनमानस से मिली शिकायतों का निराकरण करते हुए श्री सैनी ने ऐसी अधिवक्ताओं को स्पष्ट चेतावनी दी है जो की विधि व्यवसाय के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापों में संलग्न रहते हैं। श्री सैनी ने इन्हें स्पष्ट चेतावनी दी कि विधि व्यवसाय में ही लग रहे और किसी के विवादों व थानों में अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप न करें। श्री सैनी ने अपने बयान में कहा कि जिला अधिवक्ता संघ को ऐसी कोई भी शिकायत प्राप्त होगी जिसका उस प्रकरण से अधिवक्ता को कोई सरोकार नहीं है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायालय का वातावरण कर रहे प्रदूषित

गौरतलब है कि अपराधिक तत्वों से जुड़े लोगों द्वारा भी अब काला कोट पहनकर इसकी आड़ में बेखौफ होकर अपने मंसूबे चलाए जा रहे हैं। इनमें से कई अधिवक्ता लोगों के प्लॉट में कब्जा करने के साथ ही, अधिवक्ताओं कि सामूहिक ताकत का दुरुपयोग कर आम जनमानस को परेशान किया जा रहा है। जिसको लेकर लगातार शिकायतें मिलने के पश्चात जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव राजेश तिवारी द्वारा उक्त कदम उठाया गया है। श्री सैनी ने विधि के प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राएं जो कि जिला न्यायालय में न्यायलयीन कार्यवाही देखने व प्रशिक्षण लेने आते हैं. उनके लिए प्रवेश के पूर्व अपना आधार कार्ड अथवा विधि कॉलेज द्वारा जारी परिचय के साथ जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में अपना नाम दर्ज करवाने के उपरांत अपने वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ न्यायालय में जाने का आग्रह किया है।

# अग्रसेन कल्याण मंडपम से निकली शोभा यात्रा

**श्री पवनसुत हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा आज, छप्पन भोग होंगे**



**जबलपुर।** अग्रवाल सभा के प्रांगण श्री अग्रसेन कल्याण मंडपम में गृहस्थ संत पंडित तरुण चौबे महाराज के पावन सानिध्य गुरुवार को संपूर्ण अधिवास ,पूजन एवं अनुष्ठान संपन्न होते ही शोभा यात्रा निकाली गयी द्य सभा के उप सचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि श्री पवनसुत हनुमान जी महाराज की विशाल नगर भ्रमण आशीर्वाद शोभा यात्रा ढोल ,धमाल, बैंड ,घोड़े के साथ ही बैलगाड़ी में भव्य सजावट के साथ निकाली गयी द्य संपूर्ण मार्ग में समाज की विभिन्न संस्था एवं अग्र जनों द्वारा जगह-जगह मंच बना कर पूजन एवं स्वागत किया गयाद्य आज सुबह 9ः00 बजे से भगवान की प्राण प्रतिष्ठा पूजन , छप्पन भोग का प्रसाद अर्पण किया जाएगा द्य तत्पश्चात उज्जैन से विजय शंकर मेहता के संगीत पार्षदों द्वारा अनुव्रत 108 हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया जाएगा द्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल बब्बा , केके अग्रवाल रूप कला ग्रुप, विवेक, रिंकू, सुनील, संजय, रुपेश , श्रीमती अनामिका अग्रवाल, रश्मि , किरण कैसी, राजेश, अरुण ,रितेश , पियूष, आदि उपस्थित थे ।



### शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनाव प्रचार समाप्त

# ओएफके में कल शनिवार को होगा मतदान

जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया में 11 दिसंबर को होने जा रहे हैं कार्यसमिति एवं कैंटीन कमेटी चुनाव का गुरुवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन रहा। अंतिम दिन में मुख्य यूनियनों लेबर यूनियन एवं एस सी/ एस टी यूनियन की संघर्ष समिति और कामगार यूनियन एवं इंटक यूनियन मोर्चा दोनों ने ही जमकर शक्ति प्रदर्शन किया।एक ओर ओ एफ के लेबर यूनियन एवं एस सी एस टी यूनियन ने अपने कार्यालय से ब ?ी संख्या में बाइक रैली निकालकर अपने बहुमत का दावा ठोका वही विरोधी इंटक कामगार मोर्चा ने भी रैली निकाल कर कर्मचारियों से बहुमत की उम्मीद की है।चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ मोर्चा और संघर्ष समिति एक दूसरे के ग ? मे सेंध लगाने में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह सा ? पांच बजे से मतदान शुरू होगा जिसमें रात्रिपाली कर्मचारी वोट डालेंगे।इसके बाद दिन पाली के कर्मचारी दोपहर दो बजे तक मतदान करेंगे।चूंकि खमरिया मे वर्क्स कमेटी का चुनाव ईवीएम द्वारा हो रहा है।अतः शाम4बजे तक चुनाव परिणाम आ सकते हैं।

# 26 लाख का 264 किग्रा मादक पदार्थ बरामद

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल एवं वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर संयुक्त जाँच अभियान चलाया जाता है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मण्डल में पथरिया स्टेशन पर रैक के लदान हेतु वाणिज्य विभाग एव आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक अजय नारायण तथा आरक्षक राजीव मिश्रा द्वारा संयुक्त जांच प्रक्रिया के दौरान रैक में 04 बड़ी प्लास्टिक की बोरिया एवं 02 छोटी प्लास्टिक की बोरियां भरी हुई पाई गई। इनको चेक करने पर बोरियों में मादक पदार्थ की दुर्गंध आने पर उक्त प्रकरण की जानकारी जीआरपी/प्रभारी सागर पी.के.अहिरवार को देने पर वे अपने स्टॉफ के साथ मौके पर उपस्थित होकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जीआरपी द्वारा जाँच करने उक्त मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जिसका वजन 264 किलो 400 ग्राम ,जिसकी कीमत 26 लाख 40 हजार रुपए है। जीआरपी थाना प्रभारी सागर पी.के. अहिरवार द्वारा रेल अधिनियम एवं अंडर सेक्शन 8 बी /20 एनडीपीसी एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप गुप्ता के निर्देशन में तथा जबलपुर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में इस तरह के जाँच अभियान की सराहना मिल रही है। मंडल द्वारा आगे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर आरपीएफ टीम द्वारा अपनी सर्तकता का परिणाम देते रहेंगे।

# साईं प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर में नए खिलाड़ियों भर्ती



### देश भर से खिलाड़ियों का जमावड़ा

जबलपुर। भारतीय खेल प्राधिकरण, साईं प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर में नए खिलाड़ियों की भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया कराई जा रही है जिसमें देश के विभिन्न कोनों से आए खिलाड़ियों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जा रहा है। पहले दिन बास्केटबॉल बॉक्सिंग एवं कराते खेल में करीब 270 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया । इस प्रक्रिया में चुने जाने वाले खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) द्वारा संचालित रेजिडेंशियल एवं डे बोर्डिंग स्कीम में भर्ती किया जाएगा तथा खेल से जुड़ी सुविधाएं जैसे स्पोर्ट्स किट, अत्याधुनिक स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, भोजन एवं छात्रावास की सुविधा,यात्रा भत्ता-महंगाई भत्ता, शिक्षा एवं बीमा, साई के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर, आदि सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण कार्यालय, मध्य क्षेत्रीय केंद्र, भोपाल से आईं वरिष्ठ प्रशिक्षक दुर्गेश नंदिनी का विशेष योगदान रहा ।



# सीएसडी विपिन रावत को दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स ,हिंदू श्रृंखला चैरिटेबल शहीद सम्मान समिति ने सीएसडी बिपिन रावत और अन्य शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर अध्यक्ष धनंजय बाजपेई दिलीप रोहड़ा विकास सेन शशांक वर्मा विनय राज अखिलेश मेहता विजय गुप्ता विवेक गुप्ता आदि उपस्थित थे

### सौरभ सिंह राजपूत ढाका बांग्लादेश रवाना



**जबलपुर।** ढाका बांग्लादेश में आयोजित एशियन हॉकी चैंपियनशिप में ऑफिशियल के रूप में सौरभ सिंग राजपूत का चयन किया गया है सौरभ सेवानिवृत्त खेल अधिकारी संतोष सिंह राजपूत के सुपुत्र हैं।

# बीना-कटनी खंड पर सागर-मकरोनिया स्टेशनों के मध्य नया रोड ओवर ब्रिज बनकर तैयार



**जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ क्षेत्रवासियों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रख रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल के बीना-कटनी खंड में सागर-मकरोनिया स्टेशनों के मध्य केन्टोंमेट चित्र में नया रोड ओवर ब्रिज संख्या 1051/3 बनकर तैयार हो गया है।**

इस ब्रिज की लंबाई 36 मीटर, चौड़ाई 9.1 मीटर एवं ऊँचाई रेल लेवल से 6.989 मीटर है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य फरवरी 2019 में प्रारंभ हुआ। पश्चिम मध्य रेल ने तेज गति से कार्य करते हुए सितंबर 2021 को निर्माण कार्य समाप्त कर ब्रिज को रोड यातायात के लिए खोल दिया।इस ब्रिज की विशेषता यह है कि भविष्य में तीसरी लाईन डालने के लिए भी पर्याप्त जगह छोड़ी गई है। जिससे तीसरी लाईन डालने के समय में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। यह ब्रिज 5 करोड़ की लागत से बनाकर तैयार किया गया है।वर्तमान में पश्चिम मध्य रेल अपने परिक्षेत्र में अनेकों और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य कर रहा है, जो शीघ्र ही बनकर तैयार होने की ओर अग्रसर है।इस वर्ष 2021-22 में पूर्व से चल रहे 05 रोड ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य किया जा चुका है।



# शासकीय स्कूल सोनपुर को दी नई कक्षाओं की सौगात

जबलपुर । राउंड टेबल 330 ने शासकीय स्कूल सोनपुर को 2 नए कक्षाओ की भेंट दी। इस विद्यालय में बच्चे मैदान में बैठकर पढ़ते थे ।अत्यधिक स्टूडेंट्स आने पर कई बार क्लासेस रद्द भी करनी पड़ती थी । परंतु आज के बाद ऐसा अब कभी नहीं होगा । सेक्रेट्री अनिकेत खंडेलवाल ने बताया की इस विद्यालय में विद्यार्थी का रिजल्ट 100प्रतिशत आता हैऔर काफ़ी अच्छे विद्यार्थी हैं जो पढ़ायी में निपुण है और आज इस क्लासरूम की भेंट से अवश्य और अच्छे परिणाम आयेंगे । आज ये एक एतिहासिक दिन है और राउंड टेबिल ऐसे भवन बनाते रहेंगे ।यह भवन निर्माण का काम 21 अक्टूबर के भूमि पूजन के पूर्व शुरुआत किया गया और दिन रात की मेहनत से 50 दिन के अंदर ये निर्माण पूर्ण कर दिया गया । इस कार्यक्रम में स्पर्श केमतानी,शुभम सिद्धा , ऋषभ केस्वानी, करन कोहली , गीत सचडेवा , प्रतीक महेश्वरी , हिमांशु गोयल, जटीं धिरवानी , आदित्य ग्रोवर , प्रभजीत बसूर , अंकित अग्रवाल , निशांत अग्रवाल , जसनीत सिंघ होरा , विराज अग्रवाल , राज मेवाड़ा आदी शामिल हुए थे ।

# JNKV में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन



**जबलपुर** । जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय स्थित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में नेशनल एग्रीकल्चर हायर एजुकेषन प्रोजेक्ट द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मंषा के अनुरूप शालेय छात्रों को कृषि शिक्षा से परिचित कराने और उसकी ओर आकृष्ट करने के लिए कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय संगठन सरस्वती शिक्षा परिषद व मध्यप्रदेष शासन द्वारा संचालित शालाओं और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय व जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के इच्छुक छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा गया इस कार्यक्रम में कृषि व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में उपयोगी नवीनतम तकनीक सुदूर संवेदन जीआईएस छात्रों को परिचित कराया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में समन्वयक डॉ. रत्नेष श्रीवस्तव ने सभी का स्वागत किया इसके पश्चात कौशल विकास व प्रषिक्षण प्रमुख डॉ. मनोज कुमार अवस्थी ने कृषि शिक्षा में इस विषय पर प्रकाष डाला इस परियोजना के मुख्य अन्वेशक प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार नेमा ने कृषि विष्वविद्यालय, कृषि शिक्षा के बारे में बताते हुये सुदूर संवेदन तकनीकी के महत्व को रेखांकित किया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डा. आर. एन. श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. लोकेश श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय, केन्द्रिय विद्यालय संगठन से डिप्टी कमिष्नर श्री शेख साहिब व असिस्टेंट कमिश्नर डॉ. वंदना, प्रोदेषिक सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद डॉ. नरेन्द्र कोष्टि, जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर डॉ. धनश्याम सोनी और जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर का विषेष योगदान रहा। आलोक सिंह, डॉ. अपर्णा बाजपेयी, सुमित काकडे एवं इंजी. रचित नेमा ने तकनीकि सहयोग प्रदान किया।

**गढ़ा में कुत्ते भौंकने पर विवाद**

# रॉड और डंडे से की मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा में कुत्ते के भौंकने पर एक हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों ने रॉड और डंडे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। कुत्ते को बचाने आई लड़कियों की जमकर पिटाई की गई । इसका वीडियो सामने आया है। जिसकी जांच में वीडियों के कुछ क्लिप फर्जी भी बताए जा रहे है। बहरहाल गढ़ा पुलिस ने मारपीट और धमकी का मामला दर्ज कर, सभी आरोपियों को दबोच लिया है।

जानकारी अनुसार सामने आए वीडियो में किशोरियों को बेरहमी से पीट रहे बदमाशों में एक जबलपुर के गढ़ा का हिस्ट्रीशीटर प्रिंस श्रीवास्तव है। तीन अन्य उसके साथी मोनू श्रीवास्तव, शिबू दाहिया और बबलू श्रीवास्तव हैं। प्रिंस अपने दोस्तों के साथ बाइक से सिंगरहा मोहल्ले से निकल रहा था। मोहल्ले में रहने



वाली एक किशोरी पालतू डॉग के साथ टहल रही थीं। उनके डॉगी ने वहां से निकल रहे प्रिंस और उसके साथियों पर भौंकने लगा था।

इसी बात पर पहले आरोपियों ने डॉगी को मारा और विरोध करने पर किशोरियों को दौड़ा-दौड़ा कर रॉड और डंडे से मारने पीटने लगे। लगभग 15 मिनट तक बदमाशों की गुंडागर्दी चलती रही।

### घटना में किसी को भी नहीं आई चोटें

गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना में किसी को भी चोटें नहीं आईं है। जिसकी जांच जारी है।

# एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन कहीं बन न जाये गले की फांस

**जबलपुर,यशभारत।** कोरोना के नियम केवल आम आदमी के लिये ही है वही सत्ताधारी पार्टी से जुडे आयोजनों को इसकी खुली छूट है। यह छूट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को एक भी मिलने जा रही है अब संक्रमण शहर में एक बार अपने पैर पसार रहा है तो इसमें भागीदारी निभाने के लिये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 66 वां राष्ट्रीय अधिवेशन करने जा रहा है यह आयोजन 24,25 और 26 दिसम्बर मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आयोजकों के अनुसार कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के प्रतिनिधि भाग लेने जा रहे है। जिसको लेकर आज विटनरी ग्राउण्ड में भूमिपूजन किया गया। ताज्जुब कि बात यह रही कि इस अधिवेशन का विधिवत पूजन कार्य स्वंय शहर के एक चिकित्सक द्वारा किया गया जो शहरवासियों को कोरोना से बचाव का अभी तक ज्ञान बांट रहे थे लेकिन इस बार उन्होने चुप्पी साध ली। गौरतलब है कि शहर में कोरोना एक बार फिर अपने पैर पसार रहा है संभाग के संभागायुक्त स्वंय संक्रमण से ग्रसित हो गये है। वही एबीवीपी का यह राष्ट्रीय अधिवेशन जिसमें देश भर से हजारों प्रतिनिधि भाग लेगें तो क्या वह कोरोना के वाहक बनकर शहरवासियों को संक्रमित नहीं करेगें। ऐसे में जरूरत है कि इस तरह कि गतिविधियों पर विराम लगें ताकि शहरवासियों को संक्रमण से सुरक्षा हो।

**बढते संक्रमण को देखकर शहरवासी आयोजन की कर रहे है निंदा, जान से खिलवाड**

### विपक्ष करेगा पुरजोर विरोध

इस मामले को लेकर विपक्ष से जब पूछा गया तो कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू का कहना है कि वे इस मामले को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष रखेगें, शहर वासियों की सुरक्षा के लिये कांग्रेस इस तरह के आयोजनों को शहर में नहीं होने देगी श्री अन्नू कहते है कि तारीख पास आने दीजिये इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। वही एनएसयूआई अध्यक्ष विजय रजक का कहना है कि सत्ता के मद में चूर होकर भाजपा के संरक्षण में यह आयोजन किया जा रहा है लेकिन एनएसयूआई शहर की आम जनता की जान से खिलवाड नहीं होने दिया जायेगा।



# कटनी एसपी के खिलाफ मौन जुलूस, आईजी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, यशभार।** सिख समाज द्वारा साई मंदिर सिविल लाइन से मौन जुलूस निकाल कर आईजी ऑफिस में आईजी को कटनी पुलिस अधीक्षक द्वारा एक पत्र में सिखों को आतंकवादी दर्शाने के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में शासन से मांग की गई की एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर जांच उपरांत दोषी अधिकारियों पर सख्त से सख्त कायज़्वाही की जाए । सिख समाज में इस घटना से काफी रोष व्याप्त है और उनके द्वारा कहा गया कि शासन द्वारा यदि कोई कायज़्वाही नहीं की जाती है तो श्रृंखलाबद्ध तरीके से विरोध प्रदशज़्न किया जाएगा । ज्ञापन जबलपुर शहर के सभी गुरुद्वारों के प्रधान द्वारा सौंपते समय मुख्य रूप से प्रीतम सिंह प्रधान मदन महल गुरुद्वारा , प्रताप सिंह विरदी प्रधान मढाताल गुरुद्वारा , राजेंद्र सिंह चावड़ा गोरखपुर गुरुद्वारा , गुरदीप सिंह साहनी प्रधान ग्वारीघाट गुरुद्वारा , एम . एस . नागी प्रधान जीसीएफ गुरुद्वारा , गुरबख्श सिंह मैनी अधारताल गुरुद्वारा , हरदेव सिंह हाथी ताल गुरुद्वारा , नछत्तर सिंह सदर गुरुद्वारा , हरविंदर सिंह ब्रोका आदशज़ नगर गुरुद्वारा एवं साथ में हरेंद्र जीत सिंह बब्बू पूवज़ मंत्री , मनोहर सिंह रील अध्यक्ष सिख संगत जबलपुर उपस्थित थे ।

## सेवानिवृत्त लोकायुक्त एसपी आरपी लिटोरिया का निधन



जबलपुर। विजयनगर घड़ी चौक के पास निवासी इंडियन पुलिस मैडल से सम्मानित और सेवानिवृत्त लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राम प्रकाश लिटोरिया का निधन हो गया । आप वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के जबलपुर मंडल सचिव नवीन लिटोरिया, प्रवीण, नरेंद्र, शैलेंद्र, जितेंद्र व रजनीश लिटोरिया के पिता तथा डॉ. राहुल व एडवोकेट मृनाल के दादाजी थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट स्थित श्मशानघाट में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन, रेलवे अधिकारी, पत्रकार शामिल रहे। अंतिम संस्कार पश्चात शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें डबलूसीआरईयू के महामंत्री मुकेश गालव, बीएन शुक्ला, कांग्रेस नेता चमन श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्व. आरपी लिटोरिया के पुलिस सेवा को स्मरण किया और कहा कि स्व. लिटोरिया सीबीआई जबलपुर में डीएसपी व लोकायुक्त रीवा में एसपी के पद पर भी पदस्थ रहे। उनकी कर्तव्यनिष्ठा व कार्यप्रणाली के चलते उन्हें इंडियन पुलिस मैडल से सम्मानित किया गया।

## जर्नलिस्टअफरोज खान को मातृशोक



जबलपुर। वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्टअफरोज खान की माता जी रहमत बी का 91 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया है । अंतिम यात्रा आज शाम 4:00 बजे सूपाताल कब्रिस्तान जाएगी ।

## श्री सुरेश चौरसिया का निधन



जबलपुर। रानीताल टेलीग्राफ गेट नं.1 के समीप रहने वाले श्री सुरेश चौरसिया का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे देवेंद्र, शैलेंद्र चौरसिया के पिता जी एवं संतोष चौरसिया के भाई थे, अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

**43 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटित**

# केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर और शहडोल के मध्य पहला मुकबला



**जबलपुर,** । एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 43 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता का औपचारिकउद्घाटन रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता और विशिष्ट अतिथि जबलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता आर. के. स्थापक थे। श्री गुप्ता ने आशा व्यक्त की कि पूरी प्रतियोगिता में खिलाड़ी खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल ए. के. अलंग, सचिव कार्यालय आलोक श्रीवास्तव, सचिव वित्त देवेन्द्र चढ़ोकार, सचिव कला हिमांशु श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पूर्व व वर्तमान क्रि,केट खिलाड़ी उपस्थित थे। केन्द्रीय कार्यालय के कप्तान विनोद सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों के सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलवाई। चार मैच-10 दिसंबर को मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के नीमखेड़ा क्रिकेट स्टेडियम में प्रात:कालीन सत्र में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर व शहडोल क्षेत्र एवं रीवा क्षेत्र व भोपाल क्षेत्र और दोपहर सत्र में उज्जैन क्षेत्र व संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर एवं ग्वालियर क्षेत्र व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के मध्य मैच खेले गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 14 टीमें-प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर, जबलपुर क्षेत्र, सागर, रीवा, शहडोल, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुरवटोंस जल विद्युत गृह सिरमौर सहित कुल 14 टीमें भाग ले रही हैं। नॉक आउट आधार पर होगी प्रतियोगिता-एमपीसीए नीमखेड़ा क्रीकेट स्टेडियम में प्रत्येक दिन प्रात: 9.00 बजे से 20-20 ओवर के चार मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी।प्रतियोगिता में सभी मैचों में अम्पायरिंग का दायित्व बिजली कंपनियों के वरिष्ठ खिलाड़ी व स्टेट लेबल अम्पायर सुबोध धांडे, अनिल शर्मा व संदीप बर्मन निभाएंगे। पिछली अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रि केट प्रतियोगिता में विजेता श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा व उपविजेता सागर क्षेत्र की टीम रही थी।

# तम्बाकू नियंत्रण के लिए जागरूकता रथ निकला



**जबलपुर,** । जिले में तम्बाकू नियंत्रण कानून के पूर्ण परिपालन के लिए जागरूकता बढाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश वालन्ट्री हैल्थ एसोसिएशन व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तम्बाकू नियंत्रण के लिए जागरूकता हेतु रथ निकला गया जो जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर तम्बाकू नियंत्रण कानून और तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में आम जनता को जागरूक करेगा। इस जागरूकता रथ को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुरारिया जी के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण के जिला नोडल अधिकारी डॉ संजय छत्तानी, जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ पहाड़ियां एवं सम्भाग समन्वयक संजय शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कहा की जिले के सभी नागरिकों से अनुरोध है की वे सार्वजनिक स्थानों जैसे शासकीय कार्यालय, मनोरंजन केन्द्र, पुस्तकालय, अस्पताल, स्टेडियम, होटल, शापिंग माल, कॉफी हाऊस, निजी कार्यालय, न्यायालय परिसर, रेल्वेस्टेशन, सिनेमा हॉल, रेस्टोरेंट, सभागृह, एअरपोर्ट, प्रतीक्षालय, बस स्टॉप, लोक परिवहन, शिक्षण संस्थान, टी स्टॉल, मिष्ठान भण्डार, ढाबा आदि धूम्रपान ना करें7 सार्वजनिक संस्थानों के प्रबंधकों से अनुरोध है की वे अपने यहाँ धुम्रपान निषेध के सुचना पटल लगायें और लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान न करने दे,तम्बाकू को ब?ावा देने वाली कोई सामग्री जैसे एश ट्रे आदि सार्वजनिक स्थानों पर न उपलब्ध कराएं ,सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को थूकने न दे 7 तम्बाकू उत्पाद विक्रेता तम्बाकू उत्पादों का विज्ञापन न करें न ही नाबालिगों को तम्बाकू उत्पाद बेचे और शैक्षणिक संस्थानों के 300 फिट के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की दुकान न लगायें और तम्बाकू उत्पाद निर्धारित स्वास्थय चेतावनियों के बिना न बेचें । नोडल अधिकारी डॉ संजय छत्तानी ने कहा कि निर्देशानुसार समय समय पर स्वास्थय विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर तम्बाकू नियंत्रण कानून के परिपालन के लिए दंडात्मक कार्यवाही भी करेगा। जिले को तम्बाकू नियंत्रण में अव्वल बनाने के लिए अत्यंत जरुरी है की हम सभी तम्बाकू नियंत्रण कानून का परिपालन करें । .सरकार ने तम्बाकू नियंत्रण कानून (सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादन (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 बनाया गया है। इस कानून की धारा 4 के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। धारा 5 के अनुसार तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन, प्रायोजन एवं प्रोत्साहन निषेध है। धारा 6 के अनुसार नाबालिगों को/के द्वारा तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। धारा 7 के अनुसार तम्बाकू उत्पादों के 85 प्रतिशत मुख्य भाग पर चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनिया अनिवार्य है। जिले को इस कानून की धारा 4, 5, 6 एवं 7 सम्मत बनाने हेतु प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और मध्यप्रदेश वालेन्ट्री हैल्थ एसोसिएशन द्वारा संभाग में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए जिला कार्यशाला, विकासखंड कार्यशाला, प्रवर्तन अधिकारीयों का प्रशिक्षण , जिलास्तरीय समिति का गठन और तम्बाकू नियंत्रण कानून का उल्लंघन करने वालों पर अर्थदण्ड करने के लिए प्रवर्तन तंत्र स्थापित किया जा चुका है। तम्बाकू नियंत्रण में सफल बनाने के लिए जिले के सभी सार्वजनिक स्थानों, तम्बाकू उत्पाद की दुकानों आदि पर तम्बाकू नियंत्रण कानून की धारा 4, धारा 6अ एवं धारा 6ब के साइनेज (सूचना पटल) प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और मध्यप्रदेश वालेन्ट्री हैल्थ एसोसिएशन द्वारा लगाये जा रहे हैं ।

**अंकुर अभियान**

# हर नागरिक रोपे पौधा



**जबलपुर,।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जिले के नागरिकों से अंकुर अभियान से जुड़कर पौधा रोपने का आग्रह किया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने सी.ई.ओ. जिला पंचायत, आयुक्त नगर निगम, वनमंडलाधिकारी सहित अन्य जिला अधिकारियों को पत्र लिखकर अंकुर अभियान के लिये निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि अंकुर अभियान में जिले की प्रगति अत्यंत कम है। इसलिये सभी को निर्देशित किया गया कि आगामी एक माह में अंकुर अभियान के अंतर्गत वायुदूत एप्प डाउनलोड कर नागरिक पंजीयन एवं प्रत्येक नागरिक द्वारा निजी अथवा उपलब्ध शासकीय भूमि में कम से कम एक पौधा रोपित कर सुरक्षित पौधे की एक माह, दूसरे माह और तीसरे माह की फोटो अपलोड करें और वृक्ष वीर एवं वृक्ष वीरांगना के रूप में चयनित होकर प्राणवायु सम्मान प्राप्त करें।

**कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दिया अधिकारियों को निर्देश**

### गांव-गांव किया जा रहा ईवीएम का प्रदर्शन

जबलपुर, पंचायत चुनावों की घोषणा के साथ ही जबलपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ईवीएम के प्रदर्शन का सिलसिला तेज हो गया है। जिला पंचायत की सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप रिजु बाफना के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ईवीएम मशीन से वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी ग्रामीण मतदाताओं को ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन कर दी जा रही है। आज गुरुवार को कुंडम विकासखंड के ग्राम आमाटिटहा तथा शहपुरा विकासखंड के ग्राम फुलर, भीटा, सिहोदा, कंचनपुर, कैमोरी सहित कई गांवों के ग्रामीणों के बीच ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों को ईवीएम मशीन से मतदान की प्रक्रिया बताने की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास विभाग के सहायक मंत्रियों को दी गई है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्य पद के लिए मतदान ईवीएम मशीनों से होगा। जबकि पंच-सरपंचों के चुनाव में मतपत्रों का इस्तेमाल किया जायेगा।

## आजादी का अमृत महोत्सव सेवा,समर्पण और सहयोग

**जबलपुर।** कमल पुष्प अभियान के अंतर्गत आज जयप्रकाश नारायण वार्ड बूथ क्र.110 में निवासरत जनसंघ से कार्यरत भाजपा के वरिष्ठतम नेता माननीय श्री गोविंद अग्रवाल जी से सौजन्य भेंट कर मंडल में निवासरत जनसंघ, आपातकाल,मीसाबन्दी ऐसे वरिष्ठतम परिवारों की सूचीबद्ध किया।इस अवसर पर पवन तिवारी(नगर अभियान प्रभारी)भोलेशंकर सोनी(मंडल प्रभारी),अतुल जैन(मंडल अध्यक्ष), गौरव श्रीवास्तव (नगर ढ्ढञ्ज प्रभारी)हम सब ने आशीर्वाद लिया और अभियान की रूपरेखा की।

## जन-सुनवाई में करें आदर्श आचरण सहिंता के प्रावधानों का पालन

जबलपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने सभी कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रति मंगलवार को होने वाली जन-सुनवाई में आदर्श आचरण सहिंता के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि 4 दिसम्बर 2021 को त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण सहिंता प्रभावशील हो गई है।

## दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

जबलपुर, राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं कि दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

## पमरे के 21 लेवल क्रोसिंग गेटों पर फाल्स ओएचई लाइन स्थापित



**जबलपुर यश भारत।** रेल यातायात के संरक्षा को बढ़ाने के लिए रेलवे में हमेशा ही नवाचार पद्धतियों का उपयोग किया जाता रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल में इलेक्ट्रिफिकेशन शत प्रतिशत होने से उसके रखरखाव एवं अनुरक्षण में ओएचई लाइन की उपयोगिता को सरंक्षित के लिए भी नवाचार पद्धति के कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेलवे के सभी लेवल क्रोसिंग गेटों पर नयी तकनीक के बूम वैरियर उपलब्ध हैं। परंतु व्यस्त लेवल क्रोसिंग गेटों पर स?क वाहनों से बूम के टकराने से यदि ओएचई लाइन ब्रेक/अवरुद्ध हो जाती है तो रेल यातायात एवं स?क यातायात व्याधित न हो इसके लिए रेलवे द्वारा एक अलग से *फाल्स ओएचई लाइन स्थापित की गई है। इस फाल्स ओएचई लाइन के स्थापित होने से ओएचई लाइन की संरक्षा में मजबूती और ओएचई लाइन डैमेज होने से बचत होती है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल के 21 लेवल क्रोसिंग गेटों पर फाल्स ओएचई लाइन स्थापित कर प्रदान किया गया है।

## पमरे में वर्ष 2021-22 में रुपये एक हजार करोड़ के अधोसंरचना कार्य हुए

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल अधोसंरचना कार्य में इन्वेस्टमेंट वृद्धि में तीव्र गति से विस्तार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 कि चुनौतियों के बावजूद पमरे अपने अधोसंरचना कार्य में मजबूती प्रदान की है। इसी श्रंखला में पमरे में न्यू लाइन, डबलिंग के साथ अन्य अधोसंरचना कार्य में रुपये 1002 करोड़ का इन्वेस्टमेंट/एक्सपेंडिचर किया जा चुका है। जिसमें नई लाइन में रुपये 650 करोड़, डबलिंग लाइन में रुपये 297 करोड़, आरओबी/आरयूबी में रुपये 24 करोड़, ट्रैफिक फैसीलिटिस में रुपये 14 करोड़, वर्कशॉप में रुपये 14 करोड़ और अन्य निर्माण कार्य में रुपये



01 करो? का इन्वेस्टमेंट हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में नवंबर तक पमरे में इन्वेस्टमेंट हुए अधोसंरचना कार्य इस प्रकार है। ललितपुर-सतना, रीवा-सिंगरौली एवं महोबा-खजुराहो (541किमी) - रुपये 518 करो? का निर्माण कार्य हो चुका है। रामगंजमंडी-भोपाल (262किमी) - रुपये 132 करोड़ का निर्माण कार्य हो चुका है। कटनी-बीना थर्ड लाइन (263 किमी) - रुपये 191 करोड़ का निर्माण कार्य हो चुका है। *सतना-रीवा (50 किमी) - रुपये 61 करोड़ का निर्माण कार्य हो चुका है। पॉवरखेड़ा-जुझारपुर सिंगल लाइन फ्लाई ओवर - रुपये 41 करोड़ का निर्माण कार्य हो चुका है। मदनमहल-हाऊबाग डेवलपमेंट - रुपये 10 करोड़ का निर्माण कार्य हो चुका है।

## प्लेटिनम ब्लू को हराकर प्लेटिनम ब्लैक बनी विजेता



**LCC जबलपुर की 75 वीं क्रिकेट सीरीज का आयोजन**

जबलपुर। LCC जबलपुर की 75 वीं क्रिकेट सीरीज का आयोजन प्लैटिनम कप के रूप में 12 नवम्बर से 9 दिसंबर तक कराया गया। टूर्नामिंट में 5 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसके फाइनल में सिद्धार्थ केसवानी की प्लैटिनम ब्लैक ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग की। प्रकाश खेमानी की प्लैटिनम ब्लू ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 64 रन बनाए। इस लक्ष्य को प्लेटिनम ब्लैक ने आसानी से प्राप्त कर लिया। फाइनल का मैन ऑफ द मैच हर्षित चौकसे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिये चुना गया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरस्कार बेहतरीन ऑल राउंड प्रदर्शन के लिये रिंकु गोगिया को दिया गया। भाग लेने वाली अन्य तीनो टीमों में से कप्तान कमल जगवानी की प्लेटिनम येलो को फेयर प्ले अवार्ड जबकि कप्तान जितेंद्र केमतानी की प्लेटिनम ऑरेंज और कप्तान गोविंदा कलवानी की प्लेटिनम ग्रीन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

# सोशल मीडिया ने जोड़े 125 मॉडेलियन साथी

**71 बेच का गोल्डन जुबिली समारोह 18 और 19**

**जबलपुर यश भारत।** पूरे प्रदेश में अपना एक अलग स्थान रखने वाले मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के 71 बेच विद्यार्थियों का गोल्डन जुबली समारोह आगामी 18 और 19 दिसंबर को मनाया जाएगा। विभिन्न शहरों और देशों में रहने वाले करीब सवा सौ साथियों को सोशल मीडिया के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जोड़ा गया है ,फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम की मदद से वे तमाम साथी जुड़ते गए और 50 वर्ष बाद भी एक दूसरे को नहीं भूले। समारोह के पहले दिन 18 दिसंबर को मॉडेलियन 71 बेच के साथी अपने परिवार सहित अपने पुराने स्कूल में जाकर अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा करेंगे अपने स्कूल के प्रति कुछ करने की मंशा से मोडलियन अपने स्कूल में मोडलियन 71 स्वर्ण वाटिका का निर्माण करने के लिए करीब डेढ़ लाख रुपए का डोनेशन देंगे स्वर्ण जयंती समारोह के सपन बोस, सत्यनारायण गोस्वामी, अनिल राजोरिया तथा अन्य साथियों ने बताया कि स्वर्ण वाटिका के अलावा स्कूल में एक काउंसिलिंग प्रोग्राम भी चलाया जाएगा जिसमें सभी साथी अपने अपने क्षेत्र की जानकारी और अपने अनुभवों का लाभ मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को देंगे देश और विदेश से स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने आ रहे साथी परिवार सहित भेड़ाघाट बरगी डैम भी जाएंगे और 19 तारीख को शाम कृष्णा होटल में मुरलीधर नागराज के संयोजन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी साथी अपनी प्रस्तुतियां देंगे आयोजन कर्ताओं ने बताया कि मॉडल स्कूल की यादें उनके जेहन में हमेशा से ही ताजा बनी रहती थी और पचास वर्ष पूर्ण होने पर ये मौका मिला है जब सभी साथी एक साथ फिर से अपने गौरवशाली स्कूल में उपस्थित रहेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार नरसिंहपुर**

रा.मा.क्र. 0497/ब-121 वर्ष 2021-22 मौजा कंदेली नं ब 36 प.ह.नं. 41

**इश्तहार**

आम जनता मौजा कंदेली तह. व जिला नरसिंहपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार कटारे आ. कृपाराम कटारे निवासी साहू का बगीचा कंदेली तह. व जिला नरसिंहपुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि मौजा कंदेली पहनं 41 तह. व जिला नरसिंहपुर ख नं 110/32 रकवा 0.018 हे ख न 99/92 रकवा 0.014 हे. भूखंड वर्तमान में दोनों भूखंडों पर किसी अधिकारी कर्मचारी ने हेराफेरी कर किसी अन्य सरस्वती/करन के नाम पर दर्ज कर दिया है। ये दोनों भूखंड ख न 110/32 सन 1995 में एवं ख न 99/92 वर्ष 1993 में क्रय किये गये हैं। उक्त भूखंडों में क्रेता अव्यश्री कटारे पत्नी दिनेश कटारे का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/12/2021 को या इसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकता है नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर न्यायालय द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 6/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार नरसिंहपुर**

# अब पुलिस आयुक्त के अधीन रहेगा शहरी अमला

## देहात संभालेंगे आइजी-एसपी

**भोपाल।** भोपाल और इंदौर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद शहर में पुलिस अमला पुलिस आयुक्त के अधीन रहेगा। वहीं, देहात जोन में पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कमान संभालेंगे। इसके लिए गृह विभाग ने भोपाल और इंदौर देहात जोन का पुनर्निर्धारण करके अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें पुलिस महानिरीक्षक, उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी रहेंगे।

### भोपाल और इंदौर नगरीय पुलिस जिले में ऐसी रहेगी व्यवस्था

अधिकारी- श्रेणी- संख्या

पुलिस आयुक्त - अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक-एक अतिरिक्त पुलिस आयुक्त- पुलिस उप महानिरीक्षक - दो (कानून व्यवस्था और अपराध व मुख्यालय) पुलिस उपायुक्त- पुलिस अधीक्षक- आठ (जोन, यातायात, अपराध, मुख्यालय, सुरक्षा व इंटेलीजेंस) अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-10 (जोन, यातायात, अपराध।, मुख्यालय, इंटेलीजेंस एवं सुरक्षा, अजाक व महिला अपराध )सहायक पुलिस आयुक्त- पुलिस उप अधीक्षक- 33 (जोन, यातायात, साइबर, मानववध।, संपत्ति व आर्थिक अपराध।, पुलिस लाइन, मुख्यालय व प्रशिक्षण) सहायक रेडियो अधिकारी- पुलिस उप अधीक्षक (रेडियो)- एक **नोट- इंदौर में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त 12 और सहायक पुलिस आयुक्त 30 होंगे।**




### ऐसा रहेगा देहात जोन

भोपाल (देहात) जोन -भोपाल देहात, विदिशा, राजगढ़ और सीहोर। इंदौर (देहात) जोन - इंदौर देहात, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानुपर।

### हर अच्छे काम पर आपत्ति उठाती है कांग्रेस 9 डा.मिश्रा

गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक डा.गोविंद सिंह द्वारा पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू किए जाने पर आपत्ति उठाने पर कहा कि कांग्रेस हर अच्छे काम पर आपत्ति उठाती है। भाजपा सरकार में लगातार पुलिस के हित में कदम उठाए जा रहे हैं। मतांतरण रोकने के लिए कानून बनाया है और अब पत्थरबाजों से सख्ती से निपटने के लिए कानून बनाने जा रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त प्रणाली को लेकर कहीं कोई विरोध नहीं है। आइएएस हों या आइपीएस, सब मिल-जुलकर प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए सरकार के साथ काम कर रहे हैं।

### 1981 में पहली बार कैबिनेट में आया था प्रस्ताव

मध्य प्रदेश के शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव वर्ष 1981 में पहली बार कैबिनेट में आया था। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की मंजूरी दी गई थी, लेकिन क्रियान्वयन नहीं हुआ। 27 मार्च 1997 को तत्कालीन दिग्विजय सरकार में वित्त मंत्री रहे स्वर्गीय अजय नारायण मुशरान, आरिफ अकील, नंदकुमार पटेल व अजय सिंह की समिति बनाई थी। समिति ने दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, अमरावती सहित शहरों का दौरा भी किया था, पर कोई निर्णय नहीं हो सका। वर्ष 2000 में दिग्विजय सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने संबंधी विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। विधेयक पारित होने के बाद इसे अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा गया, लेकिन तत्कालीन राज्यपाल डा. भाई महावीर ने इस पर स्वीकृति नहीं दी। वर्ष 2012 में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्?यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल-इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू किए जाने के संबंध में घोषणा की थी। वर्ष 2018 में राजस्व विभाग ने कमिश्नर प्रणाली को लेकर प्रस्ताव भी तैयार किया था, पर कैबिनेट में प्रस्तुत नहीं हो पाया था लेकिन अधिसूचना जारी करने की तैयारी हो गई थी।




# पीजी के विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 20 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) ने पीजी के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में प्राइवेट विद्यार्थियों के नामांकन कराने की तारीख घोषित कर दी है। विद्यार्थी 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। हालांकि कुलपति की अनुमति से वे 165 रुपये का विलंब शुल्क देकर 21 से 23 दिसंबर तक आवेदन कर पाएंगे। आवेदन प्राचार्य द्वारा अग्रेषित होना अनिवार्य है। बीयू 50 फीसद उपस्थिति के साथ अपने निजी और सरकारी कालेजों में पीजी के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की आफलाइन परीक्षाएं कराएगा। लिहाजा, बीयू ने पीजी की परीक्षाओं में शामिल होने वाले प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के नामांकन खोल दिए हैं। विद्यार्थी 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि बीतने पर विद्यार्थी को कालेज प्राचार्य से फार्म अग्रेषित कराकर कुलपति के सामने प्रस्तुत करना होगा। उनकी अनुमति के बाद ही विद्यार्थी का फार्म मान्य किया जाएगा। इसके लिए उन्हें 165 रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

# हडताल खत्म | अतिरिक्त डॉक्टर पदस्थ करने की मांग कायम

**भोपाल ।** नीट पीजी काउंसलिंग में देरी के चलते देशभर में चल रही रेजीडेंट डाक्टर्स की हड़ताल के गुरुवार को खत्म हो गई। इस हड़ताल में मंगलवार से गांधी मेडिकल कालेज भोपाल के जूनियर डाक्टर भी शामिल हुए थे। उन्होंने भी गुरुवार दोपहर दो बजे हड़ताल खत्म कर काम शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने जल्द ही काउंसलिंग कराने को कहा है इस कारण हड़ताल खत्म कर दी है। हालांकि, काउंसलिंग में देरी के चलते पीजी प्रथम वर्ष के जूनियर डाक्टरों के नहीं आने की वजह से मरीजों को हो रही परेशानी को देखते जूनियर रेजीडेंट्स को पदस्थ करने की मांग की है। फेडरेशन आफ रेजीडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) में हड़ताल शुरू की थी। इसके समर्थन में जीएमसी में भी हड़ताल चल रही थी। फोर्डा ने मांग की थी कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में जल्द अपना पक्ष रखे जिससे काउंसलिंग में लगी रोक हट सके। बता दें इस साल कारोना के चलते पहले तो नीट पीजी परीक्षा में देरी हुई। अब आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन होने की वजह से काउंसलिंग रुकी है।



### हड़ताल से हो रही थी दिक्कत

ओपीडी और वार्ड में जूनियर डाक्टरों के नहीं रहने से मरीजों को इलाज देरी से मिल रहा था। हर दिन 10 -12 आपरेशन टालना पड़ रहा था।

### मांगों पर कायम जूडा

जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. अरविंद मीणा ने कहा कि प्रथम वर्ष के जूनियर डाक्टरों की जगह जूनियर रेजीडेंट्स या मेडिकल आफिसर को पदस्थ किया जाए।प्रदेश सरकार केंद्र को पत्र लिखकर जल्द काउंसलिंग कराने की मांग करे।पीजी तृतीय वर्ष के जिन छात्रों पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद भी कोरोना ड्यूटी में लगाया गया था, उनकी बढ़ी हुई अवधि को बांड में शामिल करें।



# बिना परमिट के दौड़ रहे 36 आटो रिक्शा जब्त

**भोपाल।** राजधानी में गुरूवार को आरटीओ उड़नदस्ते ने आटो रिक्शाओं की तबाड़तोड़ जांच की। सुबह 11 से शाम छह बजे तक शहर के एक दर्जन चौराहें व तिराहों पर चले चेकिंग अभियान में 80 आटो की जांच की गई। इसमें 36 आटो बिना परमिट चलते हुए मिले। इन आटो रिक्शाओं को जब्त किया गया। बिना परमिट के दौड़ रहे आटो को अब उनके मालिक न्यायलय में जुर्माना देना होगा। आरटीओ उड़नदस्ते ने बिना परमिट के चलते मिले आटो रिक्शाओं से समन शुल्क नहीं वसूला है। जब्त करके आरटीओ में खड़ा करा दिया है। जबलपुर उच्च न्यायलय की फटकार के बाद परिवहन विभाग राजधानी सहित प्रदेश भर में बिना परमिट, फिटनेस, बीमा के दौड़ रहे आटो रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी के तहत आरटीओ संजय तिवारी के नेतृत्व में कोलार, रातीबड़, एमपीनगर, रायसेन रोड, कोटरा, नेहरू नगर सहित अन्य चौराहें व तिराहों पर आरटीओ उड़नदस्ता ने चेकिंग अभियान चलाकर मोटर व्हीकल एक्ट व सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले आटो को जब्त करने की कार्रवाई की।कई आटो चालकों ने आने वाले दिनों में नियमों का पालन करने की बात भी कही। जरूरी कागजातों को लेकर आटो चालक आरटीओ उड़नदस्ते के कर्मचारियों से बहस करते हुए दिखे।

# अब पंचायतों में कर वसूलेंगे महिला स्व-सहायता समूह



**भोपाल ।** महिलाओं को आत्म निभर बनाने के लिए प्रदेश सरकार महिला स्व-सहायता समूह को बढ़ावा दे रही है। इस कड़ी में सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए तय किया है कि पंचायतों में कर वसूलने का काम महिला स्व-सहायता समूह को दिया जाएगा। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नियमों में संशोधन कर दिया है। अब पंचायत चाहें तो जल कर, स्वच्छता कर और साप्ताहिक बाजार की दुकानों से शुल्क संग्रहण का काम इन्हें दिया जा सकता है। कर वसूलने पर समूहों को कमीशन मिलेगा। महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कोरोना काल में बड़ी संख्या में मास्क बनवाए गए और पूरक पोषण आहार तैयार करने जैसा महत्वपूर्ण काम सौंपा गया। समूहों ने स्थानीय स्तर पर कई उत्पाद भी तैयार किए, जिनकी बड़ी मांग है। इसे बाजार उपलब?ध कराने के लिए आजीविका मिशन काम कर रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समूहों को नए क्षेत्रों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग काम कर रहा है। वहीं, अब नियमों में संशोधन करके तय कर दिया है कि पंचायतें चाहें तो कर एकत्र करने का काम इन्हें दे सकती हैं। बता दें कि बालाघाट, नरसिंहपुर, उज्जैन सहित कुछ अन्य जिलों की बड़ी पंचायतों में यह प्रयोग सफल रहा है। दो सौ से ज्यादा नल जल योजना का संचालन अब समूह कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से प्रतिमाह जल कर लिया जा रहा है। इसी तरह स्वच्छता कर, बिजली और साप्ताहिक बाजार की दुकानों से शुल्क संग्रहण काम भी इन्हें दिया जाएगा। इससे पंचायतों की आय बढ़ेगी और समूह के सदस्यों भी आर्थिक लाभ होगा।

### जुर्माना वसूली से आया विचार




पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव उमकांत उमराव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने जो दिशा निर्देश तय किए थे, उनका पालन नहीं करने पर पंचायतों ने जुर्माना लगाया था। 36 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इससे यह विचार आया कि जब पंचायतें इतने कम मानव संसाधन में जुर्माना वसूल सकती हैं तो फिर मानव संसाधन मिल जाएं तो अन्य कर भी लिए जा सकते हैं। इसके लिए पहले बड़ी पंचायतों को नल जल योजना के संचालन का काम दिया गया। इसका परिणाम बेहतर आया। इसे देखते हुए अब नियमों में संशोधन करके यह व्यवस्था बना दी है कि पंचायतें महिला स्व-सहायता समूह को कर एकत्र करने का काम दे सकती हैं। इसके लिए समूह को कमीशन मिलेगा, जो कुल संग्रहित कर के हिसाब से तय होगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 15 से

### प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा करेंगे शुभारंभ

**भोपाल संत हिरदाराम नगर।** भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 15 दिसंबर से सीहोर रोड स्थित राधा की ढाणी परिसर में होगा। इस सिलसिले में पार्टी के जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिला प्रशिक्षण वर्ग की कार्ययोजना को लेकर व्यवस्थापकों की बैठक को संबोधित करते हुए पचौरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग 15, 16 एवं 17 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण वर्ग का उदघाटन प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा 15 दिसम्बर को करेंगे एवं समापन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 17 दिसंबर को करेंगे। कार्यकर्ताओं ने बैठक के पहले सीडीएस प्रमुख विपिन रावत को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



संगठन की विचारधारा को मजबूत करने का लक्ष्य

पचौरी ने बताया कि मूल रूप से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि को मजबूत करना है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीतियों से भी अवगत हो और समाज में भी उस दिशा में काम करे, इसलिए अलग-अलग सत्रों में इस प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया है। साथ ही प्रदेश की शिवराज एवं केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए बड़े काम को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक की व्यवस्था को लेकर अलग अलग प्रभारियों को नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी कृष्ण मोहन सोनी, जिला कार्यसमिति प्रभारी श्री रविंद्र यति, व्यवस्था प्रभारी मनोज राठौर, राजेंद्र गुप्ता, श्री सतीश विश्वकर्मा, जगदीश यादव, आरके सिंह बघेल, सुनील यादव, हरदीप सिंह, एवं पृथ्वीराज त्रिवेदी सहित जिला कार्यकर्ता उपस्थित थे। त्रिवेदी को मीडिया पर का प्रभारी बनाया गया है त्रिवेदी ने बताया कि सभी मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे।

# तब जाकर हार लूटने वाले धराए

### 250 फुटेज खंगाले, 47 बदमाशों को दिखाया हुलिया

**भोपाल ।** शादी समारोह से बाहर निकली महिला डाक्टर के गले से दो लाख रुपये कीमत का सोने का हार लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लुटेरों को पक ड़ने के लिए मिसरोद से होशंगाबाद तक लगभग 250 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। संदिग्ध युवकों का हुलिया 47 पुराने बदमाशों को दिखाया। इसके बाद लुटेरे दबोच लिए गए। पूछताछ में आरोपितों ने अपने वाहन चोरी की तीन, घरों में चोरी की पांच वारदातें करना कुबूल किया है। एएसपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि ग्रीन मिडोज कालोनी निवासी डा. आभा जिंदल पत्नी डा. सुशील जिंदल (60)स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। एक दिसंबर को डाक्टर दंपती मिसरोद स्थित होटल नंदन पैलेस में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात 10:30 बजे वहां से निकलकर सुशील जिंदल कार निकालने के लिए पार्किंग में चले गए,जबकि उनकी पत्नी सड़क किनारे खड़े होकर पति के आने का इंतजार करने लगी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश उनके गले से सोने का हार झपटकर मंडीदीप की तरफ भाग निकले थे। मिसरोद से होशंगाबाद तक के सीसीटीवी फुटेज से मिले हुलिए कई पुराने बदमाशों को दिखाए गए। इसके बाद एक लुटेरे की पहचान अंकित पुत्र बाबू गुजरे (22) के रूप में हो गई। पुलिस ने उसकी सरगर्मी से तलाश की तो पता चला कि वह ट्रेन से मुंबई चला गया है। मुंबई से उसके वापस लौटते ही पुलिस ने उसे पक ड़ लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी शिवम उर्फ शुभम सोनी के साथ लूट करना कुबूल कर लिया। पुलिस ने बाइक और सोने का हार बरामद कर लिया है।पुलिस पूछताछ में आरोपित अंकित ने बताया कि पिछले तीन माह में उसने अपने साथी आदेश उर्फ अंकित सिसोदिया, नागेश डोगरे, कृष्णा गिरी के साथ मिसरोद, बागसेवनिया और शाहपुरा में चोरी की वारदात भी की हैं

# सिस्टम का असर छाए आंशिक बादल

### शनिवार से ठंड बढ़ने के आसार

**भोपाल।** उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और वातावरण में कुछ नमी आने के कारण मध्?य प्रदेश के कुछ हिस्?सों में मध्यम स्तर पर बादल छा रहे हैं। इस वजह से न्यूनतम तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं हो पा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने की संभावना है। इसके बाद शनिवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के आसार हैं। इससे राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड बढ़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री सेलसियस कम रहा। यह बुधवार के अधिकतम तापमान (25.2 डिग्रीसे.) की तुलना में 0.3 डिग्री सेलसियस कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में उत्तर भारत में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। जिसके चलते मध्य प्रदेश में ऊपरी स्तर पर हवाओं का रुख दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी हो जाता है। इसके प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से नमी आ जाती है।

# स्कूलों में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए

**भोपाल।** मप्र बाल अधिकार सरंक्षण आयोग ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर स्कूलों में सुझाव-शिकायत पेटी की व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधी सुझाव दिए हैं। इस संबंध में बाल आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा है। बाल आयोग के सदस्य ब्रजेश चौहान ने पत्र में लिखा है कि उन्होंने कई जिलों में अपने प्रवास के दौरान स्कूल निरीक्षण के दौरान जो त्रुटियां पाई उसी के आधार पर यह पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि कई शासकीय एवं निजी स्कूलों में निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बच्चों के लिए स्कूल परिसर में लगाई जाने वाली शिकायत/ सुझाव पेटी कई जगह लगी नहीं है। जहां लगी है, वह जगह उपयुक्त नहीं थी। इसे देखते हुए आयोग ने इस संबंध में कुछ सुझाव भी स्कूलों को दिए हैं। बता दें, कि प्रदेश के में सवा लाख सरकारी और करीब एक लाख सीबीएसई व मप्र बोर्ड के निजी स्कूल हैं। इनमें कई स्कूलों में शिकायत पेटी ही नहीं लगी है। अगर कुछ स्कूलों में लगाई गई है तो बच्चे डर के कारण शिकायत पत्र ही नहीं डालते हैं। इसके लिए आयोग ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और आयोग का नंबर भी नोटिस बोर्ड पर चस्पा देने के निर्देश दिए हैं।




### बाल आयोग ने दिए सुझाव

-शिकायत पेटी / सुझाव पेटी प्रत्येक स्कूल में उपयुक्त स्थान पर लगाई जाए। शिकायत पेटी पर कुछ हेल्पलाइन नंबर जैसे-चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पुलिस सहायता नंबर-100 एवं बाल आयोग नंबर 0755-2559900 अंकित हो। शिकायत पेटी को स्कूल में लगाने के उद्देश्य की जानकारी बच्चों को दी जाए। बच्चों को यह विश्वास दिलाया जाए कि उनकी शिकायत पर यथोचित कार्यवाही होगी और उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। शिकायत पेटी माह के प्रथम सप्ताह में किसी भी दिन सुविधानुसार खोली जाएं।शिकायत पेटी को खोलने के लिए तीन सदस्यीय समिति, जिसमें स्कूल प्राचार्य एवं दो अभिभावक प्रमुख रूप से शामिल हो गठित की जाए।एक उपस्थिति पंजी संधारित की जाए, जिसमें प्राप्त शिकायतों का विवरण एवं उन पर समिति द्वारा लिए गए निर्णय को अंकित किया जाए। बच्चों को प्रात:कालीन सभा में इसकी जानकारी दी जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि इसमें बच्चों का नाम उजागर न हो। निरीक्षणकर्ता को भी उक्त पंजी का अवलोकन कराया जाए, जिससे निरीक्षणकर्ता को यह ज्ञात हो सके कि स्कूल प्रबंधन बच्चों की शिकायत के उचित निपटान के लिए संवेदनशील है।

### एसडीएम ने दिए निजी स्कूल संचालकों को निर्देश

# किसी भी छात्र को परीक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता : पांडे

**सिहोरा – निजी स्कूल संचालकों द्वारा फीस जमा न करने पर परीक्षा से वंचित करने के तुगलकी फरमान की खबर प्रकाशन के बाद स्थानीय प्रशासन ने तहसील कार्यालय सिहोरा में निजी स्कूल संचालकों की बैठक आयोजित कर उचित दिशा निर्देश दिए हैं । उल्लेखनीय है कि वर्तमान परिवेश में जब शिक्षा का व्यवसायीकरण पूरी तरह से हो चुका है ऐसे में कोरोना से आर्थिक तौर पर प्रभावित हुए लोगों के सामने स्कूल की फीस ब?ी मुसीबत के रूप में सामने आ गई है।**



**खबर का असर**

अभिवावकों का आरोप था कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा फीस जमा न करने के कारण परीक्षा नहीं देने दी जा रही है। वहीं छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष के बाहर खड़ा रखकर उन्हें मानसिक एवं शारीरिक यातनाएं दी जा रही हैं अभिवावकों का यह भी आरोप है इस कोरोना काल मे स्कूल में न ही प?ाई हुई है और न ही हो रही है तो 10 से 5 मिनट के ऑडियो मैसेज के नाम पर संचालित ऑनलाइन क्लास की वह पूरी फीस क्यो दें।

विकासखंड सिहोरा के अधीनस्थ संचालित समस्त अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधन एवं प्राचार्यो की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा आशीष पांडे की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय और बीआरसीसी पीएल रैदास और बी ए सी बृजेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।बैठक में लगभग 40 विद्यालयों के प्राचार्य प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में चर्चा की गई बच्चों के नामांकन ,विद्यालय की अधोसंरचना और विद्यालय में आंतरिक परिवाद समिति के गठन तथा बच्चों को अर्धवार्षिक परीक्षा में शुल्क न देने की स्थिति में वंचित ना करने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालय से संबंधित शिकायतों को अपने स्तर पर पालकों से चर्चा कर निराकृत करें अन्यथा गंभीर शिकायत प्राप्त होने की स्थिति पर विद्यालय की मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी ।मारथोमा ग्राम ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल खितौला सिहोरा की प्राप्त शिकायत के संबंध में चर्चा की गई तो बैठक में इस विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित नहीं थे बल्कि उपस्थित कार्यालय सहायक के द्वारा दिए गए जबाब से एस डी एम नाराज हो गए और उसे बैठक से बाहर कर दिया। मंडी मार्ग पर स्थित नगर के मारथोमा ग्राम ज्योति स्कूल पर हमेशा ही अभिभावकों के प्रति तानाशाही पूर्णँ रवैया अपनाने का आरोप लगता रहता है ।

## एपीसी ने किया निरीक्षण

गाडरवारा यभाप्र। विगत दिवस जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी चंदन शर्मा के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मुआँर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर शाला के शैक्षणिक वातावरण को देखकर उन्होंने बहुत प्रसन्नता जाहिर की एवं बच्चों का शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा पाया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की छात्रा वर्षा पटेल ने उन्हें 29 का पहाड़ा आधा मिनट मे बना कर बताया साथ ही अंग्रेजी की पुस्तक का वाचन कर के दिखाया । छात्र प्रियांश राजपूत, सरदार पटेल राजदीप पटेल ने भी एक से 99 तक का पहाड़ा बना कर बताया। उन्हें कक्षा पहली और दूसरी के छात्रों का स्तर बहुत अच्छा मिला। उन्होंने दक्षता उन्नयन में जो बच्चे अंकुर समूह है उन्हें तरुण समूह मे लाने हेतु विशेष प्रयास के निर्देश दिये। इस अवसर पर संस्था प्रधान संतोष सोनी, शिवराम मेहरा, मुन्ना लाल चौधरी एवं प्रभात रूसिया उपस्थित रहे।

# नगर को सुंदर बनाने एसडीएम ने ली बैठक

### गणमान्य नागरिकों ने दिए सुझाव जारी रहेगी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**सिहोरा ।** बी.आर.सी. भवन सिहोरा में आशीष पांडे अनुविभागीय अधिकारी एवं प्रशासक नगर पालिका परिषद सिहोरा के द्वारा नगर विकास के संबंध में शहर में शासकीय भूमियों पर किये जा रहे अतिक्रमण एवं सौंदर्यीकरण तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने तथा पुराना बस स्टेण्ड व्यवस्थित करते हुये बसों के संचालन नये बस स्टेण्ड से करने ऑटो पार्किंग का स्थान निश्चित करने, यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु स्टेडियम के विस्तारीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किये जाने, पोस्ट ऑफिस चौराहा, मृगनयनी रोड, बायनाला की बाउन्ड्रीवाल, शहर के सभी मुख्य मार्गो में दोनो ओर सौंदर्यीकरण, हनुमान मंदिर के सामने, श्यामा प्रसाद मुखर्जी दुकान के सामने, अस्पताल रोड, सब्जी रोड, बाह्यनाला बच्चा शमशान घाट के सामने, कालभैरव चौक, झंडा बाजार, बी.डी.हाई स्कूल,आजाद चौक,गौरी तिराहा, आदि सभी प्रमुख स्थानों का अतिक्रमण हटाया जाकर ग्रिल,पट्टी, नाली, बाउन्ड्री आदि का निर्माण किये जाने हेतु समस्त नगर व्यापारियों से अपील की गई कि वह स्वेच्छा से दुकानों के आगे बढाये गये शैड एवं पट्टी पीछे कर लेवें साथ ही सभी नालियों पर किये गये अतिकंगण स्वयं हटा लेवें, मछली मार्केट के व्यवस्थापन एवं सब्जी मंण्डी हाट बाजार आदि के स्थान चयन एवं हाकर्स कार्नर निर्माण किये जाने के लिये उपस्थित जप्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किये गये पोस्ट ऑफिस के पास ग्रिल लगवाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया तथा नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों से परामर्श प्राप्त किया गया। उक्त बैठक में अभिषेक परौहा मण्डल अध्यक्ष भाजपा, गुड्डू विश्वकर्मा,अरूण जैन, शिशिर पाण्डेय, विनय जैन, सुनील तिवारी, राजेश पटैल, प्रकाश केशवानी,गोपाल चक्रवर्ती,आनंद प्रकाश जैन, सुन्दर पंजाबी,गौस भाई आदि जनप्रतिधि एवं गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। नगर पालिका के सहायक उपयंत्री आरपी शुक्ला, प्रभारी राजस्व निरीक्षक सुशील वर्मा, सहायक लेखाधिकारी विवेक सिलावट, प्रभारी राजस्व निरीक्षक खितौला मनोज खम्परिया, बबन श्रीवास्तव, रवि वर्मन, संदीप श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही। बैठक के अंत में सुश्री जयश्री चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा के द्वारा उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया गया।

## स्कूलों में अब लगेगी शिकायत सुझाव पेटियां

गाडरवारा यभाप्र। जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्रांगण में अब छात्र छात्राओ के लिए शिकायत ध्सुझाव पेटी उपयुक्त स्थानों पर लगाई जाएंगी। उक्ताशय के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन ने जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय शाला प्राचार्यो एवं प्रभारियों को मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा पत्र के परिपेक्ष्य में दिये है। उल्लेखनीय है की मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्राप्त पत्र में स्कूलों में शिकायत/सुझाव पेटी लगाने के अलावा उनमे बाल आयोग, चाइल्ड हेल्प लाइन एवं पुलिस सहायता के दूरभाष नम्बर अंकित कराने, शिकायत पेटी माह के प्रथम सप्ताह में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष खोले जाने के निर्देश दिए गए है।

## नुक्कड़ नाटक के जरिये दिया संदेश

गाडरवारा यभाप्र। गत दिवस जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला चिरहकला में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया और जल संरक्षण के बारे में संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक में जल का संरक्षण करने के बारे में संदेश दिया गया एवं बच्चों की रैली निकाली गई। इस अवसर पर शाला प्रभारी रूपी जैन, कैलाश प्रसाद वर्मा, सचिन कुमार लहरिया, ममता चौहान, दयावती गुप्ता, आरती मेहरा, उषा दुबे और शाला के समस्त छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### अमलाई में रक्षा प्रमुख के निधन पर आयोजित की गई शोकसभा

# उनकी गोली नहीं बोली से ही दुश्मन देश के पसीने छूट जाते थे : तिवारी







अमलाई । देश के रक्षा प्रमुख बिपिन रावत और उनकी धर्मपत्नी तथा साथ में मौजूद जवानों के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुए निधन पर 9 दिसंबर 2021 को दुर्गा मंदिर चौक अमलाई में डॉक्टर राज तिवारी, सेवानिवृत्त सैनिक ऋषि सिंह पटना कला, अखिलेश सिंह, संदीप पुरी तथा अन्य लोगों की उपस्थिति में रक्षा प्रमुख बिपिन रावत के छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और शोक सभा आयोजित की गई इस अवसर पर डॉक्टर राज तिवारी कहा की चीफ आफ द डिफेंस विपिन रावत हमारे विन्ध्य के दामाद थे। उनकी ससुराल सोहागपुर (शहडोल) में है। कुँवर मृगेन्द्र सिंह की बेटी मधूलिका सिंह उनकी पत्नी थीं। कुँवर मृगेन्द्र सिंह शहडोल के लोकप्रिय व्यक्तित्व के साथ ही कई बार विधायक भी चुने गए।श्री रावत उनकी धर्मपत्नी और सेना के कई जवान उस हैलीकॉप्टर में सवार थे जो तामिलनाडु के कुन्नूर में क्रैश हो गया। जनरल बिपिन रावत भारत के पहले और वर्तमान रक्षा प्रमुख या चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ थे; उन्होंने ने 1 जनवरी 2020 को रक्षा प्रमुख के पद का भार ग्रहण किया। इससे पूर्व वो भारतीय थलसेना के प्रमुख थे। रावत 31 दिसंबर 2016 से 31 दिसंबर 2019 तक थल सेनाध्यक्ष के पद पर रहे। श्रीमती मधूलिका सिंह सैनिकों के परिवार के लिए कल्याणकारी कार्य करने वाली संस्था की अध्यक्ष थीं।

**भारतीय वायुसेना ने आधिकारिक तौर से 8 दिसंबर 2021 को** शाम छह बजकर तीन मिनट पर ट्वीट कर पुष्टि की चीफ आफ द डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत अब हमारे बीच नहीं रहे। वायुसेना के हैलीकॉप्टर में सवार सभी असमय ही कालकलवित हो गए। यह घटना देश पर वज्रपात जैसी है घटना की खबर से भारत का का हर नागरिक और देश की आम जनता में शोक की लहर दौड़ पड़ीद्य सेवानिवृत्त सैनिक ऋषि सिंह ने कहा कि बिपिन रावत हमारे बीच से चला जाना हमारे देश के लिए बहुत बड़ी छती है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है उन्होंने सीमा के हर मोर्चे पर अपनी तैनाती के दौरान मोर्चा संभाला और देश की रक्षा के साथ देशवासियों के जीवन को सुरक्षित किया ,निडर और निर्भीक देश के वीर को आज हमने खो दिया है जिन की कमी सदैव खलती रहेगी ,दुश्मन के लिए उनकी गोली ही नहीं बोली ही पर्याप्त थी जिससे पड़ोसी देश के पसीने छूट जाते थे आजऐसे महान सपूत को हमने खो दिया है सभी लोगों ने रक्षा प्रमुख को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना कीद्य श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से पवन कुमार चीनी जनपद सदस्य, अरविंद साहनी, राकेश सिंह, राजीव तिवारी नया मुद्दीन प्रकाश राय अनिल, जयंत सिंह, मोनू सिंह सौरव सिंह, संजय शुक्ला प्रताप धमीजा, सलीम अहमद, रोहित गोटिया, रविंद्र गौतम, मयंक सिंह सिंगर मनीष चौहान, आकाश पासवान, आदि उपस्थित रहे।

**चचाई बाजार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

बाजार में भारत के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत श्रीमती मधुलिका रावत एवं सेना के 11 अधिकारियों के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई जिसमें काफी संख्या में उपस्थित जन समुदाय ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की । श्रद्धांजलि समर्पित करने हेतु चचाई एवं कैल्होरी के सामान्य व विशिष्ट जनों के साथ कर्मचारी अधिकारी व्यापारी महिलाएं एवं बच्चे सभी वर्ग के लोग उपस्थित होकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की । सभी ने परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं परिवारों को यह भीषण आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# निवेशक अभिकर्ताओं ने सहारा इंडिया की सिहोरा ब्रांच में किया प्रदर्शन



**सिहोरा ।** सहारा इंडिया द्वारा करीब दो सालों से निवेशकों का पैसा वापस नहीं किए जाने से परेशान निवेशक अभिकर्ताओं ने गुरुवार को सहारा इंडिया की सिहोरा स्थित ब्रांच में जमकर प्रदर्शन किया। निवेशक अभिकर्ता हितकारी संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने जीवन की गाढ़ी कमाई सहारा इंडिया में निवेश कर दी लेकिन पॉलिसी मैच्योर होने के बाद जब पैसे लेने की बारी आई तो सहारा इंडिया निवेशकों को सिर्फ भटका रहा है। सहारा इंडिया अगर हमारा पैसा वापस नहीं देता तो हम अपनी जान दे देंगे।

**प्रधानमंत्री,सांसद को पोस्टकार्ड भेजकर पैसा वापस दिलाने की मांग की**

निवेशक अभिकर्ता हितकारी संघ के संरक्षक सौरभ नाटी शर्मा, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश चौबे ,प्रभात कुररिया, घनश्याम ब?गैया, प्रवीण पाठक,पवन सोनी, शेख साबिर,जगदीश सैनी,इमाम खान,राहुल पांडे, गुल्लू खान,एजाज कुरैशी के साथ निवेशक अभिकर्ताओ ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद राकेश सिंह के नाम पोस्टकार्ड लिखते हुए उनसे निवेशकों का पैसा वापस दिलाए जाने की मांग की साथ ही यह पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री और सांसद को भेजे जाएंगे।

**10 से 15 करोड़ रुपए फंसाअभिकर्ताओ का**

निवेशक अभिकर्ता हितकारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य रत्नेश दुबे ने बताया कि सिहोरा ब्रांच में करीब दो सालों से 10 से 15 करो? रुपए फंसा है।मैच्योर के बाद अभिकर्ता जब सहारा इंडिया की ब्रांच में पहुंचता है तो उसे टका सा जवाब दे दिया जाता है कि अभी पैसा नहीं है। निवेशक यहां से वहां भटक रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।राहुल जैन ,पूरन लाल गुप्ता,अनिल श्रीवास,राजेश्वरी गर्ग,शशिप्रभा तिवारी,अर्चना चौरसिया, चंद्रकांत द्विवेदी,विजय श्रीवास, रमेश तिवारी,राजकुमार पटेल, विनोद विश्वकर्मा,शरद दुबे, प्रमोद दुबे, विजय दीवान, महेंद्र अग्रहरि,शशी चावला, सुदर्शन विश्कर्मा,सनद ,रमाकांत मिश्र,ललित मिश्रा, ललित पटेल,सतेंद्र मिश्रा अर्जुन पटेल, नरेंद्र पांडे ,माखन रॉय,अतुल पटेल,लखन नामदेव,अशोक पटेल ने बताया कि सिहोरा ब्रांच में कुछ दिनों पहले 10 लाख आए थे लेकिन रीजनल मैनेजर ने सांठगांठ करके अपने लोगों को छह लाख रुपये बांट दिए बाकी चार लाख रुपए का कुछ भी पता नहीं चला वहीं दूसरी तरफ से पूरा ब्रांच के अधिकारी और कर्मचारी ताला लगाकर ब्रांच से गायब है।

# जेल से छूटने के बाद पुनः मैनेजमेंट की बागडोर

**शहडोल।** अवैध खनन को लेकर जिस कंपनी के महाप्रबंधक को सितंबर के आखिरी सप्ताह में जेल की हवा खानी पड़ी वह अब दोबारा मैनेजमेंट की बागडोर संभाल चुका हैद्य कथित महाप्रबंधक के अनुसार ही पूरे जिले में वंशिका ग्रुप द्वारा अघोषित रूप से पेटी कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से रेत का खनन कराया जा रहा हैद्य उक्त कर्मचारी के अनुसार ही पूरे जिले में रेत का अवैध उत्खनन कराया जा रहा है और अधिकारियों द्वारा इसी प्रकार की पहल अवैध उत्खनन को रोकने के लिए नहीं की जा रही हैद्य इसके अलावा अवैध उत्खनन को लेकर एक कर्मचारी पर पुलिस प्रशासन द्वारा 5000 का इनाम भी घोषित किया गया था वह भी परोक्ष रूप से कंपनी में कार्यरत हैद्य जन चर्चा यह है कि पूर्व में सत्ता पक्ष के पदाधिकारी भी रेत के खनन में परोक्ष रूप से लगे हुए थे लेकिन अब उन्हें किनारे किया जा रहा हैद्य जन चर्चा यह है कि सत्ता पक्ष के लोगों का साथ लेने के बाद भी कथित महाप्रबंधक को आखिरकार जेल जाना ही पड़ा थाद्य उसे ऐसा लगा था कि सत्ता पक्ष के लोग उसे बचा लेंगे लेकिन उसे क्या मालूम कि कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं और गलत करने की सजा तो मिलेगी ही, लेकिन सजा मिलने के बाद भी उक्त कर्मचारी पहले की तरह ही अवैध खनन कराने में मशगूल है किंतु अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण जिले में अवैध रेत का खनन जोरों पर हो रहा है।

**क्या थानों में है नाम अंकित**

प्रायः देखा जाता है कि बाहर से आने वाले किराया दार, निजी कंपनी मे कार्यरत कर्मचारी आदि लोगों को वहां के थानों में मुसाफिर के रूप में नाम दर्ज कराया जाना चाहिएद्य किंतु वंशिका कंपनी में कार्यरत ऐसे लोग जोकि संभाग के अन्य क्षेत्रों से आए हैं उनके नाम दर्ज हैं या नहीं, यह जांच का विषय हैद्य पुलिस प्रशासन को ऐसे कर्मचारियों का रिकॉर्ड भी मंगाया जाना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की घटना न घट सकेद्य क्योंकि ऐसा होता आया है कि बाहर से आकर लोग यहां रहते हैं और जहां से वह आते हैं वहां उनका अपराधिक रिकॉर्ड भी होता है, इसलिए क्षेत्र में अमन चयन एवं शांति कायम करने के लिए ऐसे कर्मचारियों को भी चिन्हित करना चाहिएद्य

# नगर पालिका द्वारा शहर में घूम रहे आवारा पशुओं पकड़कर गौशाला में छोड़ने की मांग

**गोटेगांव।** गत दिवस नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत गोटेगांव शहर में बड़ी संख्या में गाय .बैल .बछड़ा ( पशुधन )रोड पर घूम रहा है इन आवारा पशुओं के घूमने से प्रीति दिवस दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं जिसमें नागरिक घायल होते ही हैं उनके साथ ही हमारे हिंदू परंपरा में पशुधन का भी विशेष महत्व है जिसमें यह गाय .बैल .भी दुर्घटना में चोटिल होकर पड़े रहते हैं लगातार देखा जा रहा है कि इन आवारा पशुओं को स्थानीय लोग जहां पर भी यह घायल पाए जाते हैं उनके लिए वेटरनरी से डॉक्टर बुलाकर स्वयं के खर्चे पर संपूर्ण इलाज कराते हैं परंतु इनकी संख्या शहर में इतनी अधिक हो गई है कि इन पशुओं को पकड़ कर गोटेगांव क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों मैं बनी हुई गौशाला में इनको छोड़ा जाए जहां पर सरकार एवं स्वशासी संस्थाओं द्वारा इनके भोजन एवं रखने की व्यवस्था होती है इसी के संबंध में आज गोटेगांव नगर पालिका के *पूर्व पार्षद गीताशरण विश्वकर्मा ( गीतू भैया ) द्वारा नगर पालिका सीएमओ सुश्री साक्षी बाजपेयी से इन पशुओं को नगर पालिका के अमला द्वारा पकड़कर ग्रामीण क्षेत्रों की गौशाला में भेजने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें सीएमओ गोटेगांव द्वारा गीता सरण विश्वकर्मा को अवगत कराया गया है कि अभी तक 30 पशुओं को नगर पालिका द्वारा पकड़ा गया है और उन्हें सुकरी .श्रीनगर . बरहटा. की गौशाला में भेजने का कार्य नगर पालिका द्वारा किया गया है और रखरखाव की दृष्टि से और पशुओं को पकड़ कर गौशाला में छोड़े जाने का कार्य लगातार किया जा रहा है अभी तक जितनी भी पशुओं को गोशाला में छोड़ा गया है सबकी रिसीव ग्राम पंचायत के सचिव और गौशाला द्वारा लिखित में नगर पालिका परिषद गोटेगांव द्वारा ली गई है शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को नगरपालिका के अमले द्वारा शीघ्र ही पकड़ कर निकटतम गौशाला में भेजने की व्यवस्था की जावेगी। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आवारा जानवर के मारने से घायल हुये सेवा निवृत रेलवे स्टेशन मास्टर श्री डी सी सोनी का निधन हो गया था। पार्षद गीता सरण विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में सैकड़ों की संख्या में इन आवारा पशुओं का मुख्य मार्ग एवं अन्य स्थानों पर घूमना लगातार जारी है जिससे क्षेत्रीय नागरिक एवं बाहर से शहर में आने वाले लोग जो किसी कार्य से गोटेगांव आते हैं इन आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल होते रहते हैं ऐसी जानकारी प्रहा प्रतिदिन मिलती रहती है जो छोटे व्यापारी सड़क के किनारे अपनी ठलिया लगाकर सब्जी एवं फल बेचते हैं यदि वह कुछ ही देर के लिए दुकान छोड़ दें तो यह आवारा पशु उनका बहुत अधिक नुकसान कर देते हैं साथ ही अपने घर के लिए नागरिक सब्जी लेकर जाते हैं तो यह आवारा पशु पीछे से उस पन्नी को खींचने का प्रयास करते हैं ऐसी बहुत सी परेशानियां इन आवारा पशुओं के द्वारा नागरिकों को हो रही हैं अतः नगर पालिका इन पशुओं को पकड़ कर क्षेत्र की गौशाला में छोड़ने का कार्य अति शीघ्र करें और गौशाला में उनके लिए चारा एवं रखरखाव की व्यवस्था भी पर्याप्त हो ऐसी व्यवस्था शीघ्र की जाए।

### ठेका श्रमिक हुए पुरस्कृत

# प्रांतीय औद्योगिक संरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का समापन



**चचाई ।** भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में आयोजित संरक्षा सप्ताह का समापन 8 दिसंबर को संपन्न हुआ ताप विद्युत गृह में पदस्थ मुख्य संरक्षा अधिकारी राजेंद्र अनुरागी के मार्गदर्शन में औद्योगिक संरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ताप विद्युत गृह में औद्योगिक सुरक्षा, प्रदूषण से पर्यावरण पर प्रभाव इत्यादि विषयों पर निबंध लेखन एवं नारा लेखन के परिणाम उपरांत सफल स्कूली छात्र छात्राओं एवं तकनीकी कर्मचारियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अभियंता ए एच रिजवी समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एल एम तिवारी अधीक्षण अभियंता एसके दुबे आरके जैन एच के त्रिपाठी मुख्य रसायनज्ञ आरके पादुरकर की उपस्थिति में ऑनसाइट इमरजेंसी प्लान के तहत क्लोरीन गैस रिसाव से बचाव हेतु मॉक ड्रिल एवं अग्निशमन विभाग के द्वारा इमरजेंसी स्थिति में आग पर काबू पाने के लिए मॉक ड्रिल की गई जिसमें समस्त ठेका श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। समस्त ठेका श्रमिक एवं तकनीकी कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अभियंता ने ठेका श्रमिकों, तकनीकी कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए और यह आवाहन किया गया की संरक्षा के नियमों का हम सभी को पालन करना है।

# चलते ट्रक में लगी आग, धूं धूं कर जला ट्रक

तेंदूखेड़ा यभाप्र। गत दिवस बरमान तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग से मक्का की सूखी झाड़ियां लेकर डोभी तरफआ रहा एक मिनी ट्रक में अचानक आग लग जाने से ट्रक धूधू कर जलने लगा। जब पीछे से आ रहे मोटर साईकिल सवारों ने ट्रक ड्राइवर को बताया कि आग लगी है, फिर ट्रक रोका गया एवं तत्काल फायर बिग्रेड का सूचित किया गया। खेतों में स्थानीय प्रयासों के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास भी किया गया तब तक ट्रक बड़ी मात्रा में जल चुका था।

# धान उपार्जन केंद्र बदलने से किसान नाराज

**अनूपपुर** अनूपपुर जिले के ग्राम बेलिया बडी के किसानो का धान उपार्जन केंद्र पहले देवगवां था जिसे बदलकर कोतमा कर दिया गया हैं जबकि कुछ किसानों के धान कट चुके है और कुछ के कट रहे हैं केंद्र बदलने से किसान काफी चिंतित हैं। देवगवां बेलिया ब?ी से 3 किलोमीटर है जिससे किसान बैलगा?ी और अन्य साधन से कम खर्चे में किसान अपना धान बेच देते थे जबकि अब कोतमा कर देने से 12 किलोमीटर किसानों को जाना पडेगा जिसके कारण भा?ा और समय ज्यादा खर्च होगा जबकि अन्य गांव का देवगवां केंद्र अभी भी है जिसके कारण किसान काफी ज्यादा नाराज हैं कुछ किसान अभी नाराजगी व्यक्त करने जिला मुख्यालय अनूपपुर कलेक्टर कार्यालय पहुँच गए और कलेक्टर महोदया को किसानों ने अपनी समस्या को बताते हुए 8 बिंदु की मांग का ज्ञापन सौपे है किसानों की समस्या को देखते हुए कलेक्टर महोदया ने समस्या हल करने का आश्वासन दिया है। किसानों ने ज्ञापन में यह भी अल्टीमेटम दिया है कि अगर 2 दिन में किसानों की समस्या हल नही हुई तो किसान कोवि? 19 के नियमो का पालन करते हुए आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जबाबदारी प्रशासन की होगी।

**2 दिन में समस्या हल नही तो करेंगे आंदोलन**

# कोलन ट्यूमर की समस्या से जूझ रहे पूर्व फुटबॉलर पेले



## साओपोलो के अस्पताल में भर्ती

**नईदिल्ली।** ब्राजील के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर पेले को कोलन ट्यूमर की समस्या के चलते इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पेले की देखरेख कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि पहले से ही पहचाने गए कोलन ट्यूमर उनकी नई समस्या है। ब्राजील को तीन बार फुटबॉल विश्व कप जिताने वाले पेले को साओपोलो के अल्बर्ट आइंसटीम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले उन्हें इसी वर्ष कोलन ट्यूमर की समस्या हुई थी।

### पेले की हालत स्थिर

पेले की देखरेख कर रही मेडिकल टीम का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है और ऐसी उम्मीद की जा रहा रही है कि उन्हें आगामी कुछ दिनों में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। पेले ने बवीते 4 सितंबर को ट्यूमर की सर्जरी करवाई, एक महीना अस्पताल में बिताने के बाद घर में उनकी कीमोथेरेपी की गई।

### फुटबॉल के महान खिलाड़ी हैं पेले

पेले का शुमार दुनिया के महान फुटबॉलरों में किया जाता है। उनका असली नाम एडसन अरांटिस डो नैसिमेंटो है। हाल के वर्षों में में उनका स्वास्थ्य काफी खराब रहा है जिसके चलते उन्होंने लंबा समय अस्पताल में बिताया है। वह फुटबॉल इतिहास का पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंन अपने देश ब्राजील को तीन बार विश्व चैंपियन बनाया। उनके रहते ब्राजील ने 1958, 1962 और 1970 में विश्व कप जीता। 1958 में सूडान के खिलाफ विश्व कप फाइनल में दो गोल दागे थे।

### अंतरराष्ट्रीय करियर में दागे 77 गोल

पेले का फुटबॉल करियर शानदार रहा। उन्होंने तीन बार अपनी टीम को विश्व चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अगर देखा जाए तो उन्होंने 77 गोल दागे हैं। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में गोल करने वाले खिलाड़ियों में आज भी 10वें स्थान पर हैं।

## BWF World Championships: इंडोनेशिया की बैडमिंटन टीम ओमीक्रोन प्रभाव के खतरे की वजह से चैंपियनशिप से हटी

**नईदिल्ली।** कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के बढ़ते मामले को देखते हुए इंडोनेशिया की बैडमिंटन टीम ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है। विश्व चैंपियनशिप का आयोजन रविवार से स्पेन के हुएलवा में होगा लेकिन उससे पहले इंडोनेशिया ने इस संबंध में बयान जारी कर जानकारी दी। बैडमिंटन इंडोनेशिया ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'इंडोनेशिया बैडमिंटन टीम स्पेन के हुएलवा में 12 से 19 दिसंबर 2021 तक होने वाली 2021 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से हट गई है।' महासंघ ने कहा, 'इस फैसले के बाद इंडोनेशिया की टीम अब तुरंत 2022 में होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी शुरू करेगी।' आल इंडोनेशिया बैडमिंटन महासंघ (पीबीएसआई) ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय देशों में ओमीक्रोन स्वरूप के फैलने के कारण संक्रमण के मामलों में इजाफे के बाद यह फैसला किया गया है। पीबीएसआई के विकास एवं प्रदर्शन विभाग के प्रमुख रियोनी मेनाकी ने कहा, 'हम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोच्च है। हमने खिलाड़ियों के साथ भी चर्चा की है और वे विश्व चैंपियनशिप से हटने के लिए राजी हो गए हैं।' इंडोनेशिया की टीम के हटने से टूर्नामेंट की चमक फीकी हो जाएगी। इंडोनेशिया की टीम में



पुरुष युगल में केविन संजय और मार्कस फर्नाल्डी की शीर्ष वरीय जोड़ी के अलावा दूसरी वरीय और गत चैंपिपयन मोहम्मद अहसन और हेंद्रा सेतियावान तथा फजर अल्फियान और रियान अर्दियांतो की छठी वरीय जोड़ी भी शामिल थी। पुरुष एकल में टीम में पांचवें वरीय एंथोनी गिनटिंग और सातवें वरीय जोनाथन क्रिस्टी शामिल थे। इसके अलावा ओलंपिक चैंपियन और छठी वरीय ग्रेसिया पोली और अप्रियानी रहायु की महिला युगल जोड़ी भी टीम का हिस्सा थी। पिछले साल इंडोनेशिया की टीम कोविड-19 महामारी के डेनमार्क के आरहस में हुए थॉमस एवं उबेर कप से भी हट गई थी लेकिन टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद जब इस साल अक्तूबर में इसका आयोजन हुआ तो टीम ने 19 साल बाद खिताब जीता।




# IND vs SA दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए जमकर तैयारी कर रहे जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे को देखते हुए टीम इंडिया के खतरनाक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जमकर तैयारी कर रहे हैं। 8 दिसंबर को बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया। इस महत्वपूर्ण दौरे को देखते हुए बुमराह जमकर तैयारी कर रहे हैं। वर्कलोड को देखते हुए हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई टी-20 और टेस्ट सीरीज में उन्हें आराम दिया गया था। जिसके चलते वह अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां बिताने गए थे। बुमराह अब वापस आ चुके हैं और इस महत्वपूर्ण दौरे को देखते हुए तैयारी कर रहे हैं।

### बुमराह ने शेयर किया वीडियो

टीम इंडिया के सीनियर गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सोशल साइट इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह गेंदबाजी करने नजर आ रहा हैं। उन्होंने वीडियों के कैप्शन में लिखा पॉवरिंग अप। जसप्रीत बुमराह के लिए यह दक्षिण अफ्रीका दौरा बेहद खास है। वह भारत को साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज जिताना चाहेंगे। टीम इंडिया आज तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने में नाकाम रही है। पिछले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टेस्ट करियर का आगाज करने वाले बुमराह से 14 विकेट लेकर धमाल मचाया था। इस बार भी उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**खुद शेयर किया वीडियो**

### 26 दिसंबर से शुरू होगी टेस्ट सीरीज

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरुआत 26 दिसंबर से होगी। श्रृंखला का पहला मुकाबला बॉक्सिंग डे टेस्ट के रूप में 26 से 30 दिसंबर के बीच सुपर स्पोर्ट्स पार्क सेंचूरियन में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट 3 से 7 जनवरी के बीच वांडरर्स जोहांसबर्ग में होगा। जबकि, तीसरा और आखिरी मैच 11 से 15 जनवरी के दरम्यान केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के बाद दोनों देशों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी जिसका पहला मुकाबला 19 जनवरी, दूसरा 21 जनवरी और तीसरा मैच 23 जनवरी को होगा।



## परिणीति ने बॉलीवुड में पूरे किए 10 साल कहा-अभी तो सफर शुरू हुआ है

10 साल पहले परिणीति चोपड़ा ने फिल्म लेडीज वर्सेज रिकी बहल से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने इश्कजादे, शुद्ध देसी रोमांस और हंसी तो फंसी, द गर्ल ऑन द ट्रेन और संदीप और पिंकी फरार जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया। सिनेमा में अपने 10वें वर्ष पर, अभिनेत्री का कहना है कि वह अब अपने करियर में कभी भी कंर्फट जोन के साथ काम नहीं करेंगी। परिणीति ने कहा कि मुझे भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ ऐतिहासिक फिल्मों में काम करने और हमारे शानदार फिल्म उद्योग के कुछ बेहतरीन निर्देशकों, अभिनेताओं, तकनीशियनों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। जब आप अपने काम से प्यार करते हैं, तो समय बहुत जल्द निकल जाता है और यह मेरे साथ हुआ है। सिनेमा में 10 साल पूरे करने के बाद, मुझे लगता है कि मैंने अभी अपनी यात्रा शुरू की है। मैं सिनेमा में अपने अगले दशक के लिए वास्तव में जाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उस तरह के प्रस्ताव पसंद आ रहे हैं जो मुझे मिल रहे हैं। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि द गर्ल ऑन द ट्रेन और संदीप और पिंकी फरार के साथ, निर्देशक उन्हें एक नई रोशनी की तरह देख रहे हैं और मुझे उस तरह का काम दे रहे हैं जो मैं हमेशा से करना चाहती थी। परिणीति अगली बार मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ ऊंचाई और रणबीर कपूर के साथ एनिमल जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।

**Bhabi Ji Ghar Par Hain:**



# शादीशुदा महिलाओं को कोई भी हीरोइन नहीं बनाता

## स्ट्रगल के दिनों में Angoori Bhabhi को मिले थे ऐसे ताने



बात आज कॉमेडी टीवी सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' की शुभांगी अत्रे की जो 'अंगूरी भाभी' के अपने रोल के चलते घर-घर में पॉपुलर हैं। आपको बता दें कि शुभांगी से पहले 'भाबी जी घर पर हैं' में 'अंगूरी भाभी' का रोल टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे निभाया करती थीं। हालांकि, मेकर्स से हुई कुछ अनबन के बाद शिल्पा ने यह सीरियल छोड़ दिया था जिसके बाद शुभांगी, 'भाभी जी घर पर हैं' की नई अंगूरी भाभी बनी थीं। बहरहाल, आज हम आपको शुभांगी अत्रे के एक पुराने इंटरव्यू के बारे में बताने जा रहे हैं जो काफी वायरल हुआ था, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुभांगी अत्रे की शादी काफी कम उम्र में हो गई थी और जिसके बाद वो अपने पति के साथ मुंबई शिफ्ट हो गई थीं। कहा जाता है कि शुभांगी बचपन से ही एक्ट्रेस बनना चाहती थीं। हालांकि, एक्ट्रेस की मानें तो मुंबई आने के बाद उनका एक अलग ही असलियत से सामना हुआ था। शुभांगी अत्रे ने इस इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें ग्लैमर वर्ल्ड में अपनी जगह बनाने के लिए काफी स्ट्रगल करना पड़ा था। एक्ट्रेस को यहां तक कह दिया गया था कि शादीशुदा महिलाओं को कोई भी हीरोइन नहीं बनाता है। एक्ट्रेस की मानें तो उन्होंने निराश होने की जगह अपना पूरा फोकस काम पर किया और आज वे खुद को लकी मानती हैं। एक्ट्रेस के अनुसार, उनकी इस जर्नी में उनके पति और परिवार वालों का बड़ा सपोर्ट रहा था। बताते चलें कि शुभांगी अत्रे आज एक एपिसोड का 40- 50 हजार रुपये तक चार्ज करती हैं।

## अंकित, अभिलाष मराठा गैंग करने जा रही थी गैंगवार

# एक पिस्टल, चार कारतूस, एक बटनदार चाकू के साथ दबोचा

**जबलपुर,यशभारत।** हनुमानताल पुलिस ने शहर में गैंगवार कर उत्पात मचाने वाले मराठा गैंग के दो शातिर गुर्गों को दबोचकर एक पिस्टल और चार कारतूस समेत एक बटनदार चाकू जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस सख्ती से पूछताछ कर रही है। अंदेशा है कि



आरोपी शहर में बड़ी वारदात करने जा रहे थे, इसी दौरान मुस्तैद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि मराठा गैंग के दो शातिर गुर्गे शहर में हथियार सप्लाई कर कोई बड़ी वारदात करने जा रहे है। जिसके बाद अलर्ट पुलिस ने मराठा गैंग के अंकित मराठा और अभिलाष मराठा को दबोच लिया। जिनकी तलाशी लेने पर एक पिस्टल, चार कारतूस और एक बटनदार चाकू बरामद किया गया है।

### हथियार कहां से आए

पकड़े गए आरोपियों के पास से बरामद हथियार देख पुलिस भी सकते में है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी बाहर से यह हथियार लेकर आए है। जो किसी घटना को अंजाम देने की रणनीति बना रहे थे। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों से गैंग के अन्य सदस्यों से संबंधित पूछताछ जारी है।

# 17 साल की छात्रा को देखकर हुआ था प्यार खाली प्लॉट में ले जाकर किया दुराचार

## माढ़ोताल में छात्रा और रांझी थाने में महिला के साथ बलात्कार का मामला दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल में 17 बर्षीय छात्रा से बलात्कार का मामला सामने आया है। आरोपी मोहल्ले का ही है। जो किशोरी को उसके घर के पीछे ही पड़े खाली प्लॉट में ले जाकर लगातार करीब ढाई साल से रेप कर रहा था। जिससे तंग आकर छात्रा ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। माढ़ोताल लवकुश मेजर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पाटन रोड करमेता की निवासी छात्रा ने शिकायत में बताया कि उसके मोहल्ले में ही रहने वाले दीपेन्द्र उर्फ दीपू दुबे 23 साल, निवासी माढ़ोताल ने उसे प्यार के झांसे में फंसाया और उससे बात करने की कोशिश की। जब उसने आरोपी से बात नहीं की तो वह उससे बात करने का दबाव बनाता रहा।

### पहली नजर का प्यार

जानकारी अनुसार आरोपी दीपेन्द्र पीड़िता के कॉलेज के चक्कर काटता था और पीड़िता से बात करने की कोशिश करता था। धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां हुई और फिर प्यार हो गया। जिसके बाद दोनों के मोबाइल नंबर एक्सचेंज हुए और फिर बाहर मिलने का सिलसिला चालू हो गया।

### शादी का किया था वायदा

पीड़िता ने बताया कि बाहर घुमाने का झांसा देकर आरोपी



उसे ले गया और उसके साथ नजदीकी बढ़ाने की कोशिश की। लेकिन जब पीड़िता ने पाबंदियों का जिक्र किया तो आरोपी ने विवाह का वायदा कर, शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला।

### खाली प्लाट में ले जाकर किया दुराचार

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने 31 अक्टूबर 2021 को घर के पीछे मिलने बुलाया और खाली प्लाट में ले जाकर जबरदस्ती दुराचार किया। जब उसने विरोध किया तो शादी करने का वायदा कर चुप करा दिया और अब शादी करने की बात से साफ मुकर गया। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज होते ही चंद घंटों में आरोपी को दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है।

### पति को ना छोड़ने पर आरोपी दे रहा वीडियो वायरल कर देने की धमकी

एफआईआर दर्ज, पुलिस ने मामले को जांच में लिया


जबलपुर,यशभारत। एक महिला को अपनी उम्र से कम उम्र के दिल्ली के एक युवक से फेसबुक पर प्यार हो गया। धीरे-धीरे दोनों के बीच चैटिंग होने लगी। जिसके बाद युवक महिला पर पति को छोड़कर उससे शादी करने का दबाव बनाने लगा। उसने धमकी दी कि ऐसा नहीं करने पर वह दोनों की चैटिंग और वीडियो कॉल के दौरान रिकॉर्ड किए गए आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर देगा। फिलहाल मामले में रांझी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। रांझी पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय महिला की सोशल मीडिया पर उत्तम नगर दिल्ली निवासी अमित डागर से परिचय हुआ और फिर यह दोस्ती हो गई और ये दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों वीडियो कॉल के साथ ही इंटरनेट पर घंटों चैटिंग करते थे। इस दौरान अमित डागर ने महिला के आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। इसके बाद अमित डागर महिला को दिल्ली बुलाने पर जोर देने लगा।

#### पति को छोड़कर उसके साथ शादी कर लो

महिला ने अमित को अपने शादीशुदा होने के बारे में बताया। बावजूद वह सुनने को तैयार नहीं। वह महिला पर दबाव बनाने लगा कि वह पति को तलाक देकर उसके साथ शादी कर ले। यहां तक कि वह महिला को धमका कर उसके सोशल मीडिया का पासवर्ड तक पता कर लिया था। उसने महिला को धमकी दी कि वह उससे शादी कर लें, नहीं तो अपने साथ हुई चैटिंग और रिकॉर्ड वीडियो कॉल वह वायरल कर देगा।

# कार चालक ने सब्जी बेचने वाले को मारी टक्कर

**जबलपुर, यशभारत।** कृषि उपज मंडी के गेट नंबर दो के सामने गुरुवार की देर रात एक अनियंत्रित कार चालक ने सब्जी बेंच रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह छिटककर रोड के उस पार जा गिरा। हादसे में सब्जी विक्रेता को सिर में गंभीर चोट आई है। इस दौरान आक्रोशित मंडी के व्यापारियों और राहगीरों ने कार चालक को घेर लिया। जिसके बाद चालक ने स्वयं घायल



**भीड़ के दबाव में पहुंचाया अस्पताल, हालत नाजुक**

सब्जी विक्रेता को कार से एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत नाजुक है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञानचंद चौधरी पिता सोमनाथ चौधरी 38 साल, शांति नगर गोहलपुर का निवासी है। जो रात में मंडी में सब्जी बेंचने के बाद घर जाने की तैयारी कर रहा था। तभी कार क्रमांक एमपी 20 सीके 3043 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी।

### बिखर गयी सब्जी, लोगों का लगा मजमा

जानकारी अनुसार हादसे के दौरान सब्जी विक्रेता छिटककर दूर जा गिरा तो वहीं उसकी सारी सब्जी भी रोड में बिखर गयी। घटना के दौरान यहां लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। जिसके बाद लोगों के दबाव में आकर कार चालक ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जाता है कि घायल को सिर में गंभीर चोट है। जिसका इलाज जारी है, लेकिन हालत नाजुक है। वहीं, सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## भेड़ाघाट में एम्बुलेंस से टकराया बाइक सवार

# पति की दर्दनाक मौत, पत्नी और दो बच्चे बुरी तरह घायल

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के अंधमूक बायपास के समीप रोड एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दो बच्चे और पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गए। बाइक में बैठकर पूरा परिवार तेवर से लौटकर अपने घर सलैया जा रहा रहा था। हादसा उस वक्त हुआ जब सामने से आ

**तेवर में मढ़ई ग्राम से लौटकर जा रहे थे अपने गांव सलैया**

रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। जिससे पूरा परिवार रोड पर जा गिरा। इस दौरान बाइक चला रहे पति को सिर में गंभीर चोट आई। जिसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, तो वहीं पत्नी और दो बच्चों को तत्काल एम्बुलेंस से मेडिकल में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज जारी है। जानकारी अनुसार विनोद बेन निवासी सलैया अपनी पत्नी सपना



इनसेट में मृतक और शोकाकुल परिवार

और दो बच्चे मुन्ना और शिवा के साथ बाइक में सवार होकर कल तेवर के पास स्थित पडुया में मढ़ई (चंड़ी)में शामिल होने गया था। आज शुक्रवार को वह सपरिवार अपने घर सलैया लौट रहा था। इसी बीच अंधमूक वायपास के पास एम्बुलेंस के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में विनोद बेन की दर्दनाक मौत हो गयी है। तो वहीं पत्नी और दोनों बच्चों को घटना के तत्काल बाद मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

### मदनमहल में बवाल

## शराब पार्टी कर मचा रहे थे कोहराम, दो को दबोचा

जबलपुर, यशभारत। मदनमहल में गुरुवार की देर रात शराब पार्टी कर युवाओं का गुट बवाल मचा रहा था और रोड पर आने-जाने वालों को प्रातड़ित कर, गालीगलौच कर रहे थे। इतना ही नहीं बाद में दोनों आपस में ही उलझ गए और एक-दूसरे की जान लेने आमादा हो गए। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने बवाल मचा रहे दोनों युवकों को दबोच लिया। जानकारी अनुसार दरमियानी रात लोगों की सूचना पर कुहराम मचा रहे अंशुल पटैल और अजय केशरवानी को पुलिस ने दबोचा है। दोनों शराब पीकर गालीगलौच कर रहे थे, जब लोगों ने मना किया तो उनपर हमला करते हुए आपस में ही भिड़ गए। दोनों को फिलहाल थाने में बैठाया गया है। उनके परिनजों को बुलाकर दोनों पर कार्रवाई की जा रही है।

# मासूम सौरभी की मौत पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

## चार सप्ताह में जवाब दें स्वास्थ्य सचिव और जबलपुर मेडिकल कालेज अस्पताल के अधीक्षक

**जबलपुर, यशभारत।** गर्म पानी से झुलसकर मासूम के उपचार में हुई कथित लापरवाही को मध्य प्रदेश मानव अधिकारी आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जैन ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव व नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल के अधीक्षक से चार सप्ताह में तथ्यात्मक जवाब मांगा है। आयोग अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य सचिव प्रकरण की विस्तृत जांच करवाकर रिपोटज़् प्रस्तुत करें। मालूम हो कि बड़ी


यश भारत
मेडिकल के जूनियर डॉक्टर-नर्स लापरवाह
डेढ़ साल की सौरभी को बचा सकते थे
मासूम रात में रोती रही
पिता ने डॉक्टर-नर्स को उठाया तो
आग बबूला होकर दुत्कारा
बेटी को खो चुके पिता की जुबानी

यशभारत खबर का असर

उखरी विजयनगर निवासी सुमित बर्मन की डेढ़ वर्षीय बेटी सौरभी विगत दिवस घर में गर्म पानी से झुलस गई थी। सौरभी की मां ने उसे स्नान कराने के लिए पानी गर्म किया था। तभी हुए हादसे में कुकर में भरा गर्म पानी सौरभी पर गिर पड़ा था। गर्म पानी की चपेट में आई सौरभी के शरीर में फफ्फोले पड़ गए थे। परिवार ने उसे मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान रात में सौरभी की सेहत बिगड़ने लगी। परिवार का आरोप है कि उस समय वार्ड में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ नर्स गहरी नींद में थे। परिवार ने ड्यूटी रूम में पहुंचकर उन्हें नींद से जगाना चाहा तो उनके साथ अभद्रता की गई। उन पर नाटक करने के आरोप लगाए गए।

# स्वरोजगार को बढ़ावा देने कलेक्टर ने कसी कमर

**जबलपुर यश भारत।** स्वरोजगार को स्वराज बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने वित्तीय संस्थाओं की एक बैठक ली जिसमें उन्होंने स्पष्ट दिशा निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के साथ स्वरोजगार के लिए युवाओं द्वारा जो प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं उसमें किसी भी तरह से पैसे की कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को कहा कि उनके यहां जो केस स्वरोजगार के लिए लगाए गए हैं उनका जल्द निराकरण कर उन्हें फाइनेंस की सुविधा प्रदान की जाए। ता की ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके ।



**वित्तीय संस्थाओं की बैठक में केसों के जल्द निराकरण के निर्देश, युवाओं को काम के लिए ना आए पैसे की कमी**

### स्वरोजगार से रोजगार

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का मानना है है कि एक स्वरोजगार के प्रोजेक्ट से कई लोगों को रोजगार का सृजन होता है, क्योंकि जब एक बड़ा स्वरोजगार का प्रोजेक्ट आता है तो उसमें काम करने के लिए बहुत सारे लोगों की जरूरत होती है जिससे कई लोगों को रोजगार की प्राप्ति होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैंक के स्तर के साथ-साथ शासकीय स्तर पर भी नए व्यापार व उद्योग के लिए जो जरूरी दस्तावेजों की आवश्यकता होती है उन्हें भी शासकीय कार्यालयों द्वारा शीघ्र निराकृत कर पूर्ण किया जाए ताकि प्रोजेक्ट जल्द पूर्ण हो सके।

### स्वरोजगार से स्वराज

वर्तमान समय में जिले के शैक्षणिक संस्थाओं से बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा हासिल कर बाहर निकल रहे जिस में ऐसे लोगों की संख्या बहुत अधिक है जो अपने दम पर कुछ नया करना चाहते हैं । जिन की योग्यता और कल्पना को प्लेटफार्म मिल सके उस को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा भी जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसके लिए वित्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में ऊर्जावान और योग्य लोगों को जल्द से जल्द वित्तपोषण मिलना चाहिए , जिस से स्वरोजगार देश को स्वराज की ओर ले जाए।

**सोने-चाँदी के जेवरात समेत 90 हजार का माल साफ कर हुए रफूचक्कर**

# बीएसएनएल उप महाप्रबंधक के फ्लेट में चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार के रिज रोड, टीटीसी कॉलोनी में गुरुवार की दरमियानी रात चोरों ने बीएसएनएल के उप-महाप्रबंधक के फ्लेट में दाखिल होकर खिड़की के शीशे तोड़े और कुंडी खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिस समय यह वारदात हुई उप महाप्रबंधक परिवार सहित अपनी ससुराल गए हुए थे। जब घर आकर देखा तो खिड़की के शीशे टूटे हुए पड़े थे। अलमारी का लॉकर टूटा था, जिसमें रखे हुए सोने-चाँदी के जेवरात, नगदी समेत करीब 90 हजार का माल लेकर रफूचक्कर हो गए। गौरतलब है यह क्षेत्र कटीले तारों से सिक्योर है, जहां पर परिंदा भी अपने पर नहीं मार सकता। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कं प की स्थिति है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बीएसएनएल उप महाप्रबंधक योगेश चौबे कुछ दिन पहले अपनी ससुराल इटारसी गए हुए थे। जब कल वापस आए तो देखा कि दरबाजे की कुंडी तो लगी हुई है, लेकिन खिड़की के शीशे टूटे हुए बिखरे हैं। चोरी का अंदेशा होने पर घर का लॉकर देखा तो सोने और चाँदी के जेवरात और नगदी गायब थी। जिसके बाद मामले की शिकायत थाना गोराबाजार में की गई।



**गोराबाजार थाने में मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी**

### नहीं लगे सीसीटीव्ही कैमरे

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बीएसएनएल उप महाप्रबंधक के फ्लेट और आसपास कहीं पर भी सीसीटीव्ही कैमरे नहीं लगे है। जिससे आरोपियों का सुराग लग सके। बहरहाल पुलिस आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। ताकि आरोपियों को पकड़ा जा सके। अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोरी की वारदात करने वाले कोई परिचित ही है। रैकी कर पूरी वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस क्षेत्र के बदमाशों और पूर्व में पकड़े गए चोरों की कुंडली भी खंगाल रही है। ताकी आरोपियों के गिरेबां तक पहुंचा जा सके।

# शादी के 11 साल फिर भी चाहिए कार

**दहेज की मांग एफआईआर**

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के शास्त्री वार्ड में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित कर, दहेज ना मिलने का ताना मारते हुए घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी को ग्यारह वर्ष बीत गए है, लेकिन ससुराली अभी भी दहेज में कार की डिमांड कर रहे है। पुलिस ने मामला कायम कर, विवेचना में लिया है। जानकारी अनुसार श्रीमति बुसरा खान 34 वर्ष निवासी शास्त्री वार्ड हनुमानताल ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी 11 वर्ष पूर्व सलीम उर्फ रानू खान से हुई थी, शादी 1 वर्ष बाद से पति सलीम खान, ससुर हफीज खान, सास परवीन एवं देवर सलमान खान शादी में दहेज नहीं मिलने का ताना मारते हुए मायके से फोर व्हीलर लाने की मांग करते हुये आये दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। जब उसने मना किया तो, मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया है। पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )